4 रायपुर संभाग
अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वालो पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन...

6 अभिमत
उपचुनाव नतीजों के संकेत

09 विविध
न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष सी.बी. बाजपेयी पहुंचे..

11 छत्तीसगढ़
जटिल बीमारियों को होगा उपचार

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-327 मूल्य 3.00 ₹

# विस्फोट में 2 जवान शहीद, 4 घायल

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के तर्रेम थाना अंतर्गत मंडिमरका के जंगलों में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया जिसकी चपेट में आने से दो जवान शहीद हो गए एवं चार घायल हो गए। घायल जवानों का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर के जरिए रायपुर रेफर किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ऑपरेशन से लौटते वक्त पाइप बम में विस्फोट किया गया। विस्फोट में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू और आरक्षक सतेर सिंह शहीद हो गए। घायल जवानों में पुरषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार हैं। नक्सल विरोधी अभियान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कोबरा, सीएएफ , जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) एसटीएफ के जवान शामिल थे।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माओवादी हिंसा की घटना में जवानों की शहादत को नमन किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माओवादी हिंसा की घटना में जवानों की शहादत को नमन किया है। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवानों के शहीद होने और 4 जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी।

# छत्तीसगढ़ को अयोध्या तक मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी, नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। एनएच 130बी से 53 को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा। इसके अलावा उन्होंने रतनपुर-लोरमी-मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, केंवची-पेंड्रारोड-पसान-कटघोरा मार्ग, मुंगेली-नवागढ़-बेमेतरा-धमधा-दुर्ग-झलमला मार्ग, राजनांदगाँव-मोहला-मानपुर मार्ग, पंडरिया-बजाग-गाड़ासरई मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने रखा है। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में कटघोरा से अंबिकापुर तक फोर लेन चौड़ीकरण करने तथा एनएच क्रमांक 53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा तक सुरक्षित यातायात की दृष्टि से सरोना चौक, उद्योग भवन, और तेलीबांधा चौक पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की आवश्यकता बताई है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के वार्षिक योजना 2024-25 में एनएच 30 धमतरी से जगदलपुर व एनएच 130बी में रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ मार्ग फोर लेन करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, रायपुर-दुर्ग एनएच 53 के दो जंक्शन सिरसा गेट व खुसीपार जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण के स्वीकृति का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1383 करोड़ के 13 कार्यों के प्रस्ताव मंत्रालय को भेजे गए हैं। उन्होंने प्रस्तावों को जल्द स्वीकृत करने का अनुरोध किया।

# कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

वार्ता ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में गुरुवार को नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में घुसपैठ की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। तलाशी अभियान के दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, मारे गये आतंकवादियों की नहीं की जा सकी है। अभियान अभी जारी है तथा इलाके में कुछ और आतकंवादियों के छिपे होने की आशंका है। अभियान के बारे में सेना या पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी गोलीबारी है। इससे पहले 14 जुलाई को तीन आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

## क्विक न्यूज

### न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी । उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन षाडंगी 20 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन षाडंगी का शुक्रवार अंतिम कार्य दिवस है। इसलिए उनके बाद झारखंड उच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद को 20 जुलाई 2024 से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

### प्रयागराज महाकुंभ को लेकर 13 अखाड़ों की बैठक

**प्रयाग/गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले साल होने वाले महाकुंभ को लेकर 13 अखाड़ों के संतों की मेला प्रशासन के साथ गुरुवार को बैठक हुई जिसमें महाकुंभ की तैयारियों तथा व्यवस्थाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। पंचदशनाम जूना अखाड़े के प्रवक्ता एवं श्रीदूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने आज बताया, 'इस बार का महाकुंभ प्रयागराज में है। महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से शुरू होगा और 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को सभी 13 अखाड़ों की बैठक आयोजित की गई जिसमें मेला अधिकारी भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा, बैठक में मौजूद मेला अधिकारियों ने 13 अखाडों निरंजनी अखाड़ा, जूना अखाड़ा, महानिर्वाण अखाड़ा, अटल अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा, आनंद अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, अखाड़ा, वैष्णव अखाड़ा, उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा, उदासीन नया अखाड़ा, निर्मल पंचायती अखाड़ा और निमोही अखाड़ा के पदाधिकारियों तथा संतों को कुंभ मेले को लेकर की जा रही तैयारियों तथा व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### आईटी और टेक शेयरों ने बाजार को नये शिखर पर पहुंचाया

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के शेयरों में हुई जबरदस्त लिवाली ने आज शेयर बाजार को ऊंचाई के नये शिखर पर पहुंचा दिया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 626.91 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ पहली बार 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,343.46 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 187.85 अंक यानी 0.76 प्रतिशत मजबूत होकर 24,800.85 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

# नीट यूजी 2024 : सभी परीक्षा केंद्रों के अलग-अलग परिणाम शनिवार तक घोषित करे एनटीए : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को निर्देश दिया कि वह स्नातक स्तर के मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को अपनी ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 के सभी परीक्षा केंद्रों के अलग-अलग परिणाम बिना संबंधित विद्यार्थियों की पहचान उजागर किए शनिवार दिन के 12 तक घोषित कर दे। शीर्ष अदालत अगली सुनवाई सोमवार को करेगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण नीट-यूजी 2024 रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग समेत अन्य याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की घंटों दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं एनटीए और केंद्र सरकार की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को जारी रखेगी। उस दिन केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और पटना पुलिस द्वारा इस मामले में दर्ज आपराधिक मुकदमों से संबंधित जांच की प्रगति पर गौर करेगी और इस मामले को भोजनावकाश से पहले निपटने की कोशिश करेगी। पीठ ने याचिकाकताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा की परीक्षा की काउंसलिंग पर रोक लगाने की गुहार ठुकरा दी। पीठ ने कहा, ÷नहीं, अभी नहीं। हम सोमवार 22 जुलाई को मामले की सुनवाई करेंगे, क्योंकि काउंसलिंग 24 जुलाई या तीसरे सप्ताह में है और यह एक महीने या उससे अधिक समय तक चल सकती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की पीठ ने नीट यूजी आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से शुरू में कहा कि वह शुक्रवार शाम पांच बजे तक परीक्षा परिणाम अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दे। इसके बाद एनटीए के वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। अदालत ने उनकी यह अर्जी स्वीकार करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम शनिवार दिन के 12 बजे तक अपलोड कर दिए जाएं। शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई को इस मामले की सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाल दी थी।

# हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर 'आप' लड़ेगी चुनाव



पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की सभी 90 सीटों पर विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। 'आप' ने गुरुवार चंडीगढ़ में बदलेंगे हरियाणा का हाल-अब लाएंगे केजरीवाल स्लोगन के साथ चुनावी अभियान का आग़ाज़ किया। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पत्रकारों से ने कहा, 'आप' पूरी ताकत के साथ सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा के लोग बदलाव चाहते हैं और उन्हें 'आप' से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि 'आप' ने सबसे कम समय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त किया है। दिल्ली और पंजाब में 'आप' की सरकार है, पांच विधायक गुजरात और दो विधायक गोवा में हैं। पार्टी पूरी ताकत के साथ सभी 90 विधानसभा सीटों पर हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मान ने कहा, हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों को मौका दिया, लेकिन सबने हरियाणा को लूटा इसलिए हरियाणा के लोग अब बदलाव चाहते हैं। हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने पूरे देश की राजनीति को बदला है इसलिए इस बार बदलेंगे हरियाणा का हाल अब लाएंगे केजरीवाल। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, 'आप' हरियाणा में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ये निर्णय हमने इसलिए किया क्योंकि क्योंकि हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों का शासन देखा। पिछले 10 साल से हरियाणा में डबल इंजन की सरकार चल रही है लेकिन हरियाणा को क्या दिया है, ये बहुत महत्वपूर्ण सवाल है।

# सीएम साय ने ओम बिड़ला से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाक़ात की। संसद भवन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य और केंद्र के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना था। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

### एनएचएआई बिना फास्टैग लगे वाहनों से वसूलेगा दोगुना टोल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को निर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोलटैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है और इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले दूसरे लोगों को बेवजह की दिक्कत होती है।

## केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा

# शहरी आजीविका मिशन में अच्छे कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में प्रदान किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले। प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपने-अपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए। दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कारों के अंतर्गत दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तीन लाख तक जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ नगर निगम को और एक लाख तक जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा नगर पालिका को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। चांपा नगर पालिका को 50 हजार तक जनसंख्या श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री




विष्णु देव साय ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम के साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार और कौशल विकास के साथ ही शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन महिलाओं एवं युवाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मिशन है। छत्तीसगढ़ इस मिशन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में अच्छे कार्यों को रेखांकित करने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के नामांकित लाभार्थी जशपुर नगर पालिका के सुमित किस्कु और लोरमी नगर पंचायत के कुशाल राम साहू भी शामिल हुए।

### राज्य की ओर से इन्होंने ग्रहण किए पुरस्कार

नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ को मिला तृतीय पुरस्कार सूडा (राज्य शहरी विकास अभिकरण) के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि, राज्य मिशन प्रबंधक विवेक शुक्ला और प्रशांत अमोली ने ग्रहण किया। बिलासपुर नगाम निगम के आयुक्त अमित कुमार, रायगढ़ नगर निगम के आयुक्त सुनील चंद्रवशी, सिटी मिशन प्रबंधक केदार पटेल और शुभम शर्मा, भाटापारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह और सिटी मिशन प्रबंधक नीरज साहू तथा चांपा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी और भोला सिंह ठाकुर ने अपने-अपने निकायों की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, संयुक्त सचिव तथा एनयूएलएम एवं पीएम स्वनिधि के प्रबंध निदेशक राहुल कपूर, पीएम स्वनिधि की संचालक शालिनी पाण्डेय और एनयूएलएम के संचालक सुनील कुमार यादव भी पुरस्कार समारोह में मौजूद थे।

# मोदी सरकार ने उतार दिया है रेल सुरक्षा को पटरी से : खड़गे

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश के गौंडा में चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, इससे फिर साबित हो गया है कि मोदी सरकार ने देश की जीवन रेखा कही जाने वाले रेलों की सुरक्षा को सचमुच पटरी से उतार दिया है। खड़गे ने इस दुर्घटना में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। कांग्रेस नेता ने इस दुर्घटना को मोदी सरकार की रेल सुरक्षा में लगातार हो रही चूक का परिणाम बताया और कहा, उत्तर प्रदेश में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे मोदी सरकार ने व्यवस्थित रूप से रेल सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा एक महीने पहले, एक मालगाड़ी के सियालदह-अगरतला कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा जाने से 11 लोगों की जान चली गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि दुर्घटना 'होने का इंतज़ार' था। स्वचालित सिग्नल की विफलता, संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां और लोको पायलट तथा ट्रेन प्रबंधक के पास वॉकी-टॉकी जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों नहीं होने जैसे कई कारण जांच रिपोर्ट में टक्कर की वजह बताई गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने घटना के लिए प्रधानमंत्री तथा रेल मंत्री पर निशाना साधा और कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके रेल मंत्री, जो आत्म-प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ते, उन्हें भारतीय रेलवे में हुई भारी खामियों की सीधी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# चंडीगढ-डिब्रूगढ़ रेलगाड़ी की तीन बोगियां पलटी, कई घायल

वार्ता ‹ गोण्डा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के गोण्डा-गोरखपुर रेल प्रखंड पर मनकापुर रेलवे स्टेशन के पास गुजर रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ रेलगाड़ी की तीन बोगियां गुरूवार को अनियंत्रित होकर पलट गयी। दुर्घटना में कई यात्री चोटिल हो गये । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ रेलगाड़ी लगभग ढाई बजे दोपहर में मनकापुर रेलवे स्टेशन से करीब पांच किलोमीटर पहले बेकाबू हो गयी जिससे तीन डिब्बे पलट गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना होते ही यात्री जैसे तैसे निकलकर अपनी जान बचाने में जुट गये। फिलहाल डिब्बों से निकले करीब बीस यात्री बुरी तरह घायल है । प्रशासन को सूचना दी गयी है । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मौके पर राहत व बचाव दल रवाना कर दिया गया है। घायलों को बाहर निकलवाने का कार्य स्थलीय संसाधनों से जारी है। अभी तक किसी यात्री के मृत्यु की पुष्टि नहीं हुई है।

## योगी ने गोण्डा में हुई दुर्घटना पर जताया शोक



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को गोण्डा में हुई ट्रेन दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया और जरूरी निर्देश दिये। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर योगी ने शोक संदेश में कहा जनपद गोण्डा में हुई ट्रेन दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्रीराम से घायलों के शीर्घ स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में जिला प्रशासन के अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने और घायलों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के लिए निर्देश दिये।

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज उर्वरक का करें वितरण : कलेक्टर अग्रवाल

## अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का दिलाये लाभ

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज एवं उर्वरक के भण्डारण तथा वितरण की समितिवार जानकारी ली। कलेक्टर ने समितियों के लक्ष्य अनुसार भण्डारण एवं वितरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों तक पर्याप्त मात्रा में इसकी पहुंच की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने कम भण्डारण एवं वितरण वाले समितियों के प्रबंधकों पर नाराजगी जताते हुए तेजी से खाद, बीज का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के विभागीय अधिकारियों को समितियों का निरीक्षण करने एवं किसानों से चर्चा कर खाद, बीज की मांग सहित वितरण की भी जानकारी लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कैम्प लगाकर केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का शत प्रतिशत केसीसी कार्ड बनाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उप संचालक कृषि चंदन रॉय, डीएमओ अमित चन्द्राकर, सहायक पंजीयक सहकारिता उषा ध्रुव सहित जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों का ई-केवायसी के साथ भू-सीडिंग एवं आधार-सीडिंग के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

प्रवेश प्रारंभ
पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध
प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., I.T., Com. Science
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

# उत्तराखंड में कार के खाई में गिरने से दो महिलाओं की मौत

एजेंसी ‹ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग में एक कार के खाई में गिर जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि चालक सहित चार लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि आज सुबह 6:28 बजे सूचना मिली कि डुगरी मोटरमार्ग पर एक वाहन दुर्घनाग्रस्त हो गया है। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने पाया कि एक कार सड़क से करीब 200 मीटर नीचे खायी में जा गिरी। उन्होंने बताया कि सभी लोग ग्राम डुगरी, तहसील एवं जिला रुद्रप्रयाग के एक ही परिवार के लोग हैं। रजवार ने बताया कि घटना में जितपाल (50) , बुदि लाल (70) , पूजा (27) को साधारण जबकि देवेश्वरी देवी (45) को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे में बुद्धि पाल की पत्नी कलपेश्वरी (58) और जितपाल की पुत्री आरती (24) की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

# न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह, आर महादेवन ने ली उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत परिसर में आयोजित एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों, अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनने से पहले न्यायमूर्ति कोटिश्वर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे। मूल रूप से मणिपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति सिंह अपने राज्य के पहले न्यायाधीश हैं जिन्हें उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया। न्यायमूर्ति महादेवन मूलतः तमिलनाडु उच्च न्यायालय से आते हैं। दोनों न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत के लिए कुल निर्धारित 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस के 10 अप्रैल 2024 और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना के 19 मई 2024 को सेवानिवृत्त होने के कारण शीर्ष अदालत में दो न्यायधीश के पद तब से रिक्त थे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे सर्वे एवं ऑनलाइन एंट्री कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में विकासखंड कुआकोंडा के खंड स्त्रोत कार्यालय सभाकक्ष में ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयक एवं बालमित्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता राजेन्द्र पांडेय, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सौरभ राठौर एवं खंड स्त्रोत समंवयक एम आर कश्यप उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किये जा रहे सर्वे एवं उसके एंट्री की समीक्षा की गई, राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग से अवगत कराया गया और कैसे इस रैंकिंग को और बेहतर किया जा सकता है इस पर चर्चा किया गया सर्वे उपरांत चिन्हांकित असाक्षरों की कक्षाएं लगाने के संबंद में निर्देशित किया गया।

## अग्निवीरों के नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 तक

**गरियाबंद।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा। निःशुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षण प्राप्त करने के लिए सफल अभ्यर्थी अपना नाम, पता, मोबाइल नं. एवं अग्निवीर थल सेना का पंजीयन क्रमांक की जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में 31 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर एवं कार्यालय की ई-मेल आईडी एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज डॉट गरियाबंद एट द रेट जी मेल डाट कॉम पर दर्ज करा सकते है।

19 July 2024 Pride 18 Of Raipur

"पवन पुत्र हनुमान जी की अद्भुत, अलौकिक, दुर्लभ, अविश्वसनीय, अद्वितीय 5000 फोटो का विशाल संग्रह, जो बना विश्व रिकॉर्ड! इसमें सभी फोटो अलग-अलग व अद्वितीय है। इस दुर्लभ संग्रह का हिस्सा बनें।"
इस दुर्लभ संग्रह (पुस्तक) अपने घर लायें
संपर्क - 98271-22886

RB PLUS TENSILE SHADE
CAR PARKING SHADES
• Cafeteria • Entrance Canopies • Walk Ways
• Terraces • Garden Covering • Petrol Pumps
• Sport Areas • Food Courts • Swimming Pool Shades
• Resort Tents • Car Parking
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

अपने व्यवसाय को बढ़ाने शहर के मध्य एमजी रोड, रायपुर जे.बी. मॉल में कॉरपोरेट ऑफिस, कोचिंग, सर्विस सेंटर, कोरियर इत्यादि हेतु ग्राउंड फ्लोर पर 1716 Sqt. फर्नीशड हॉल किराये/बेचने हेतु उपलब्ध
ग्राउंड फ्लोर में ऑफिस, दुकान किराये/बेचने हेतु उपलब्ध
अमित जाधव - मो. 9907402581, 8319461409

KSR KisaN Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

## बस्तर सामाजिक सेवा समिति ने तोंगपाल में किया पर्यावरण संरक्षण जागरूकता एवं पौधरोपण जागरूकता अभियान

# वृक्ष को बेटी की तरह पालना व माता की तरह सेवा करना चाहिए : दीपिका

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिले के व्यापारिक नगरी तोंगपाल में बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति के माध्यम से माँ दुर्गा मंदिर में आम, अमरुद, काजू व जामुन फलदार पौधों का पौधारोपण का कार्य किया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.के. भट्टाचार्य, मनोज तिवारी, समरबहादुर सिंह भदौरिया,जयदीप सिंह भदौरिया, देवेश नाहटा, रमेश प्रजापति, कृष्णकुमार दीक्षित, सपन शाहा, डोमुराम, विनोद भदौरिया, तोंगपाल रेंजर जागेश्वर साहू एवं हरि यादव उपस्थित रहे एवं वन विभाग के समस्त कर्मचारी व टोंगपाल के नागरिक व बच्चे भी उपस्थित होकर इस पौधरोपण कार्यक्रम के सहभागी बने,कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता दीपिका शोरी ने की कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव गौरव राठौर ने की कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुखसमृद्धि की कामना की गई, कार्यक्रम में उदबोधन के दौरान हरी यादव ने सभी से पौधारोपण हेतु अपील करते हुए उनके बालक के द्वारा लाल चंदन के पौधारोपण के संबंध में बताते हुए जरूरतमंदो को पौधा ले जाने हेतु कहा इसके पश्चात मनोज तिवारी ने पौधारोपण करने के साथ साथ पौधों के संवर्धन के सबंध में कहा । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी तोंगपाल जागेश्वर साहू ने पौधरोपण में अपने विभाग की सहभागिता के विषय में कहते हुए जंगल कटाई को रोकने हेतु कहते हुए वृक्षों का पर्यावरण हेतु महत्ता पर प्रकाश डाला अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कहा की आज वृक्षों की कटाई के कारण पूरे देश ने इस वर्ष भीष्म गर्मी को सहन किया है इसे दूर करने का एक मात्र उपाय पौधरोपण एवं जंगल का संरक्षण हैं आज हमारा क्षेत्र उस गर्मी के स्तर पर नहीं पहुंचा जो देश की राजधानी दिल्ली में रहने वालों ने महसूस किया हैं उसका एक मात्र कारण हमारे क्षेत्र के जंगल हैं हमें सिर्फ पौधरोपण ही नहीं करना है अपितु उनका संरक्षण भी करना है, हमें पौधों को अपने बच्चों की तरह पालना हैं व अपनी माता की तरह सेवा भी करनी हैं जिस प्रकार हमें अपनी माँ के गोद में किसी भी प्रकार की परेशानी का एहसास नहीं होता वैसे ही वृक्ष की छाया में हमें जो सुकून मिलता है वो कहीं और नहीं।

### समस्त विशिष्ट अतिथियों ने किया पौधरोपण

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों ने उपस्थित जनो के साथ मंदिर प्रांगन के चारो और पौधरोपण कर पौधों को जाली से सुरक्षित करते हुए पौधों को संरक्षित करने हेतु शपथ भी लिया।

**विधायक के प्रतिनिधि के रूप में भानू भदौरिया ने किया रोपण :** विदित हो की इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में चित्रकोट विधायक विनायक विनायक गोयल को आना था परन्तु पौधरोपण की तिथि की सुबह सात बजे उनके पीएसओ को अटैक आने की वजह से अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विधायक विनायक पूरे दिन मेडिकल कॉलेज में रहकर उनके स्वास्थ्य की चिंता की उनकी अनुस्पतिथि में के स्थान पर उनके प्रतिनिधि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष भानू भदौरिया ने पौधरोपण किया।

# जिला अस्पताल में मिलने लगी सीटी स्कैन की सुविधा

## टेली रेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से रिपोर्ट की हो रही जांच

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुणाल दुदावत की पहल पर अब कोंडागांव जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलने लगी है। अस्पताल में सीटी स्कैनिंग के उपरांत टेली रेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से रिपोर्ट की जांच करवाई जा रही है, जिससे मरीजों को त्वरित उपचार का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में जांच रिपोर्ट के लिए इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब यह शीघ्र प्राप्त होने लगा हैऔर इलाज का कार्य भी शीघ्रता से किया जा रहा है। जिला अस्पताल में यह सुविधा मिलने से मरीजों को सीटी स्कैन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा और कम दाम में ही यह सुविधा जिले में ही मिल रही है। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की शुल्क निजी अस्पतालों के मुकाबले भी बहुत ही कम रखी गई है, जिससे उनकी आर्थिक बचत भी हो रही है। वहीं शीघ्रता से जांच रिपोर्ट मिलने पर उपचार का कार्य भी शीघ्र होगा और बहुमूल्य जीवन को बचाया जा रहा है। जिला अस्पताल में सिर के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर 1500 रुपए निर्धारित की गई है, जबकि निजी अस्पतालों में इसकी जांच दर 3500 रुपए है। इसी तरह सिर के नॉन कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर जिला अस्पताल में 1000 हजार रुपए निर्धारित है, जबकि निजी अस्पतालों में इसकी दर 3000 रुपए है। जिला अस्पताल में हाई रिज़ॉल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी की जांच हेतु 1300 रुपए निर्धारित की गई है, जो निजी अस्पतालों में 5000 हजार रुपए में होता है। सीने के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी की जांच की दर जिला अस्पताल में 1400 रुपए निर्धारित है, जो निजी अस्पतालों में 5500 रुपए में होता है। जिला अस्पताल में पेट के सादा जांच की कीमत 1300 रुपए के मुकाबले निजी अस्पतालों में 6000 हजार रूपए है। वहीं पेट के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर जिला अस्पताल में 2600 रुपए और निजी अस्पतालों में 6500 रुपए है। जिला अस्पताल में पेल्विक के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी की जांच दर 1400 रुपए और निजी अस्पतालों में 5000 रुपए निर्धारित है। ओरिल के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर जिला अस्पताल में 1000 रुपए निर्धारित है।

# छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय संघ के चरणबद्ध हड़ताल

## किरंदुल नगर पालिका द्वारा काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में हमेशा की तरह ही वेतन समस्या बना हुआ है।वर्तमान नगरीय निकायों में वेतन भुगतान हेतु लंबित है। प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर न ही शासन द्वारा कोई सार्थक प्रायस किया जा रहा है न ही नगरीय निकायों द्वारा। प्रतिमाह वेतन भुगतान नहीं होने के कारण निकायों के नियमित एवं प्लसमेंट कर्मचारी आर्थिक परेशानी हो रही है। कर्मचारियों के वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आर्कषण कराया जा सके। दिनांक 18 जुलाई को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के कर्मचारियों 2 द्वारा काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किए।नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी ने बताया कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के अधिकारी/ कर्मचारी दिनांक 22 जुलाई 2024 को एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल शांतिपूर्ण तरीके से करेगें।दिनांक 29 जुलाई 2024 को समस्त जिला में अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से करेगें जिसमें जिलास्तरीय अंदोलन में जिले के अधिकारी/कर्मचारी हड़ताल में शामिल होगें। उक्त हड़ताल अवधि में निकायों में सभी मूलभूत सुविधा चालू रहेगी।

# कलेक्टर ने ली आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी आश्रम-छात्रावास के अधीक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा और सेहत पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि, आश्रम-छात्रावासों में बच्चों की उपस्थिति पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रकोप की संभावना को देखते हुए आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, बच्चों को मच्छरदानी प्रदान करने के साथ ही खिड़कियों में भी जाली लगवाएं। बच्चों में बुखार आने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। उन्होंने कहा कि, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है अतः बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं। उन्होंने डायरिया के रोकथाम के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करते हुए टंकियों एवं जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन प्रदान करें। मेन्यू चार्ट का प्रदर्शन प्रवेश मार्ग के साथ ही डाइनिंग रूम में भी करें। भोजन पकाने के लिए सभी आश्रम छात्रावासों में एलपीजी का उपयोग करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही शौचालय और स्नानागार की स्वच्छता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कमरों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को जो सामग्री शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है वह बच्चों को प्रदान करें तथा किसी भी स्थिति में अनुपयोगी न छोड़ें। उन्होंने आगामी मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी आश्रम-छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण करने क निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आश्रम-छात्रावास परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बच्चों को शिक्षा, खेलकूद के लिए आदर्श वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा यदि किसी प्रकार की परेशानी व्यक्त कर रहा है तब तत्काल इसका निराकरण किया जाएगी। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में निगरानी समिति के गठन के साथ ही प्रत्येक माह पालक-बालक सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त डॉ रेशमा खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पांडेय सहित आश्रम-छात्रावास के अधीक्षक गण उपस्थित रहें।

# उच्च प्रा.शा. कुकाड़ गारकापाल में बाल कैबिनेट का गठन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल, सकुल केंद्र बाखरा, विकासखंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में शाला में अध्ययनरत बच्चों का बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, बाल कैबिनेट गठन करने के उद्देश्य इस प्रकार हैं। बच्चों में सृजनात्मक कौशलों एवं कल्पनाशीलता का विकास, किशोरावस्था में आते आते कुछ कार्य को लेते हुए उसे अच्छे से पूरा करने की जिम्मेदारियां लेना, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय को आपस में मिलकर कार्य करने एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना। शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाने हेतु, टीम भावना के साथ आपस में मिलकर काम करने की आदत का विकास, अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं प्रदूषण से बचाने हेतु, प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग रोकते हुए उसके बेहतर उपयोग हेतु जागरूकता लाना। इन सभी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए शाला के तीनों कक्षा में पंजीकृत बच्चों में से अलग-अलग जिम्मेदारी हेतु चुनाव संपन्न किया गया। जिसमें से बहुमत के आधार पर खेमेश्वर यादव आठवीं को प्रधानमंत्री, गायत्री भंडारी आठवीं उप प्रधानमंत्री, किरस नेताम आठवीं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, तुलेश्वरी यादव आठवीं शिक्षामंत्री, गोलू आठवीं नेताम वित्त मंत्री, हरेंद्र नेताम कानून एवं सुरक्षा मंत्री, निर्मल नेताम पर्यावरण मंत्री, विक्रम नेताम खेल मंत्री, हरिचंद बघेल कृषि एवं बागवानी मंत्री, तुलेश्वरी यादव सांस्कृतिक मंत्री हेतु गया। चुनाव उपरांत सभी मंत्रियों को तिलक गुलाल लगाकर, फूलों के गुलदस्ते के साथ जोर शोर से स्वागत किया गया एवं सभी बच्चों हेतु न्यौता भोज में मीठा खिलाया गया। पद अनुसार सभी मंत्रियों को उनके कार्य प्रभार विभाग एवं उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया। बाल कैबिनेट गठन के इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शंकरलाल बोध ने सभी चयनित प्रभारी मंत्रियों को बधाई दिया एवं उनके प्रभार को जिम्मेदारीपूर्वक वहन करने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर शाला के समस्त बच्चे एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**कोंडागांव।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 31 जुलाई तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है। उल्लेखनीय हैं कि, मेधावी बच्चों को सम्मानित करने हेतु भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) की स्थापना की गई है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन युवा बहादुरों को उचित मान्यता देना है जिन्होंने निस्वार्थ कार्य किए हैं। इसमें दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी, एवं असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले छोटे बच्चों के लिए, जो रोल मॉडल हैं और जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में दृश्यमान प्रभाव डाला हो। भारत के नागरिक तथा भारत में रहने वाले 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथा घटना या उपलब्धि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए।

# 'बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसियेशन' निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक एवं सहायक पर्यवेक्षक किए गए नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com




संयुक्त जिला कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला प्रशासन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बड़े बचेली विवेक चंद्रा को पर्यवेक्षक तथा तहसीलदार बड़े बचेली जे के सोरी को पर्यवेक्षक सहायक के रूप में नियुक्त किये गये है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व संस्था द्वारा नियुक्त अधिवक्ता ही निर्वाचन अधिकारी के रूप में मतदान करवाते रहे है पर संस्था में चल रहे आंतरिक विवादों के चलते अब प्रशासनिक निगरानी और दखल से निर्वाचन किया जा रहा है।इस क्रम में वर्तमान ''बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसियेशन'' के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा बिंदुवार जारी निर्वाचन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है इसके अन्तर्गत नामांकन फार्म कार्यालयीन समय में 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन दिनांक 16 जुलाई सायं 5:30 बजे तक एवं 19 जुलाई तक दावा आपत्ति 11 बजे से 3 बजे तक किया जा सकता है। साथ ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 जुलाई समय प्रातः 11 बजे तक किया जावेगा। नामांकन फार्म प्राप्त करने की तिथि 21 जुलाई समय प्रातः 11 बजे सायं 5 बजे तक एवं फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई समय प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजे तक निर्धारित है। साथ ही नाम वापसी 23 जुलाई और स्क्रूटनी 23 जुलाई को किया जावेगा। मतदान तिथि दिनांक 31 जुलाई 2024 प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगी और उसी दिन मतगणना अपरान्ह 03 बजे से सायं 08 बजे तक किया जावेगा।

# रिकार्ड रूम में रिश्वत लेने वाला सहायक ग्रेड 2 निलंबित

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा फरसगांव तहसील कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 अर्जुन सिंह नेताम को निलंबित कर दिया गया है। सहायक ग्रेड-2 अर्जुन सिंह नेताम के विरुद्ध यह कार्यवाही रिश्वत लेने के कारण की गई। उल्लेखनीय है कि, तहसील कार्यालय फरसगांव का एक वीडियो आया है, जिसमें वे रिकार्ड रूम राजस्व दस्तावेज निकालने के नाम पर नकद राशि लेते पाए गए है। वीडियो के संबंध में तहसीलदार फरसगांव के प्रतिवेदन अनुसार उक्त वीडियो की पुष्टि की गई है । कर्मचारी द्वारा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 03 (1) (एक) (दो) (तीन) का स्पष्ट रुप से उल्लंघन किए जाने के फलस्वरूप, उन्हें छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1966 के नियम -9 (1) (क) के तहत् कलेक्टर दुदावत द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय माकड़ी जिला कोण्डागांव निर्धारित किया गया है।

### शुद्धिपत्र

इस अखबार में 18-07-2024 को जीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड का फॉर्म जी नोटिस विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। वहां कंपनी का नाम गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड के बजाय जीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड पढ़ा जाना चाहिए। त्रुटि के लिए खेद है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित दिनांकों सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता नं. | कर्जदार/सह-कर्जदार और गारंटर का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | मांग सूचना बकाया राशि (रु.) | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 40289483 | 1. लीलांबर कर्ष, 2. धीरज कर्ष | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 1556/1, क्षेत्रफल 0.020 हैक्ट., खसरा नं. 1556/4, क्षेत्रफल 0.012 हैक्ट. और एवं खसरा नंबर 1556/6 क्षेत्रफल 0.020 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.052 हेक्टेयर, जोकि ग्रामः कोटमी, पी.एच. नं. 15, आर.एन.एम.- चंद्रपुर, तहसील डभरा, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़-495692, और, चौहद्दीः पूरब में - गिरीश पटेल का मकान, पश्चिम में - सेवक की भूमि, उत्तर में - बजरंग यादव का मकान, दक्षिण में - रोड़ | 23.03.2024 | रु. 9,78,639.43/- | 12-07-2024 सांकेतिक कब्जा |
| 57078659 & 95798223 | 1. रवि कुमार झारिया, 2. पतंगो बाई, | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट क्षेत्रफल 0.046 हेक्टेयर (4951.40 वर्ग फीट) खसरा नं. 520/3, गांवः सिरकोतंगा, पी.एच. नं. 08, आर.एन.एम- लखनपुर, पीएस और तहसीलः लखनपुर, जिलाः सरगुजा, छत्तीसगढ़-497116, और चौहद्दीः पूरब में - सड़क, पश्चिम में - इंद्र कुमार झरिया की भूमि, उत्तर में - त्रिवेणी प्रसाद की भूमि, दक्षिण में - सुनील की भूमि | 30.03.2024 | रु. 15,17,068.23/- | 11-07-2024 सांकेतिक कब्जा |
| 97652088 | 1. रेखा यादव, 2. अयोध्याप्रसाद यादव, 3. आकाश यादव | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 58, आबादी भूमि, खसरा नं. 1215, क्षेत्रफल 132 वर्ग मी., जोकि गाँव खेमदा, पी. एच. नं.33, आर.आई.सी.- बसना, तहसीलः बसना, जिलाः महासमुंद, छत्तीसगढ़-493554, और चौहद्दीः पूरब में - निलांद्री, पश्चिम में - जगदीश, उत्तर में - गली, दक्षिण में - बड़ी | 09.03.2024 | रु. 6,15,489.75/- | 11-07-2024 सांकेतिक कब्जा |

उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भुगतान की तिथि तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांकः 11 और 12.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

## स्कूल परिसर में किया गया वृक्षारोपण

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरंगढ़ में सायकिल वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजुर
www.dailypioneer.com




सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती सायकिल योजना के तहत नवमी पढ़ने वाली स्कूली छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पखांजुर नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा ने द्वारा तिलक लगाकर सभी छात्राओं को सायकिल का वितरण किया एवं उज्वल भविष्य की कामना किया, तत्पश्चात स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया, इस कार्यक्रम के बाद शाला विकास समिति एवं स्कूल के शिक्षक द्वारा उपस्थित भाजपा नेता व पदाधिकारी को नवीन स्कूल भवन दुर्दशा को संज्ञान में देने के बाद निरीक्षण किया, करोड़ों रूपये की नवीन स्कूल भवन की दुर्दशा जैसा बारिश में छत से पानी टपकता दिवाल में दरार फर्श टूटा विभिन्न समस्या से शिक्षक व स्कूली छात्र छात्रा परेशानी का सामना करना पर रहा है, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामल मंडल, युवामोर्चा अध्यक्ष कापसी मण्डल अध्यक्ष दीपंक दत्ता का कहना है कि कांग्रेस के सरकार के समय इस भवन का निर्माण किया ठेकेदार एवं अधिकारी की मिलीभगत के कारण लाखों का भ्रष्टाचार किया, इसका नतीजा आज देखने को मिल रहा है। जानकारी देते हुए ये भी कहा कि इस भवन निर्माण में जो भी ठेकेदार और अधिकारी ने भ्रष्टाचार किया। मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम जानकारी देकर जांच के बाद कार्यवाही का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पखांजुर नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा, पखांजुर मंडल अध्यक्ष श्यामल मंडल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर सरकार, कापसी मंडल अध्यक्ष दीपंक दत्ता, अमर ब्रह्मचारी, सुहास राय, राजेश नायर, श्यामू तिवारी, सपन तरफदार, हरंगढ़ सरपंच परशु राम नुरेटि, बिपुल एवं स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका आदि लोग उपस्थित रहे।

# अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वालो पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## अमानक खाद्य पदार्थ बेचने के 7 प्रकरणों में संस्थानों पर 42 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





जिले में अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वालो पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। अमानक एवं मिथ्याछाप खाद्य सामग्री बेचने पर 7 प्रकरणों में कुल 42 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना खाद्य विक्रेता एवं विनिर्माता पर लगाया गया है। प्रशासन द्वारा लोगों से यह भी अपील की गई है कि जिले में खाद्य गुणवत्ता से संबंधित शिकायत के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मोबाइल नंबर 9340597097 पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दे सकते है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में विगत वर्ष 2023-24 में कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले से खाद्य पदार्थो के 46 विधिक नमूना एवं 19 निगरानी नमूना कुल 65 संकलित किया था। संकलित नमूना को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिनमे से कुल 06 नमूनों को अवमानक पाया गया तथा कुल 03 नमूनों को लेबल में त्रुटी होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया था। उक्त अवमानक एवं मिथ्याद्याप पाए गए खाद्य के प्रकरणों में नियमानुसार जांच पूर्ण कर अपर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी अरविंद पाण्डेय द्वारा अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 07 प्रकरणों में आदेश पारित किए गए है। जिनमे कुल 42 लाख 10 हज़ार रुपये की शास्ती अधिरोपित की गई है। इन 7 प्रकरणों में जिले में संचालित खाद्य बिक्री संस्थान एवं जिले के बाहर के विनिर्माता भी शामिल है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गरियाबंद तरुण बिरला ने बताया कि साईं गंगा बेवरेजेज पेंड्रा, ब्लाक फिंगेश्वर का उत्पाद प्रांजल एक्वा पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर अवमानक पाए जाने पर 1 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार आनंद स्वीट्स छुरा का गुलाब जामुन अवमानक पाए जाने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राज रेस्टोरेंट गरियाबंद का चिकन बिरयानी अवमानक पाए जाने पर 70 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राजीव लोचन स्वीट्स राजिम का मोतीचूर लड्डू अवमानक पाए जाने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मधुबन स्वीट्स गरियाबंद का पनीर अवमानक पाए जाने पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जय कार्नर गरियाबंद में पैक्ड आटा अवमानक एवं मिथ्या छाप पाए जाने पर जय कॉर्नर के जीवेश सिन्हा पर 25 हजार रुपए, मनीष लाहोरी नवापारा राजिम पर 25 हजार रुपए एवं विनिर्माता सखी एग्री फूड प्रोडक्ट्स बरोंडा तहसील तिल्दा जिला रायपुर के श्रीचंद कच्छेला पर 13 लाख रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार गुरुकृपा प्रोविजन स्टोर्स कौन्दकेरा जिला गरियाबंद में बिकने वाले कमल सूजी उत्पाद मिथ्याछाप पाए जाने पर संचालक अजय बांधे पर 15 हजार रुपए, कमल फूड्स प्रा.लि. राजनांदगाँव तथा 04 निदेशकों को मिलाकर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ज्ञात हो कि विगत वर्षो में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले में समय- समय पर कार्यवाही करते हुए कुल 74 अवमानक, मिथ्याछाप एवं असुरक्षित पाए गए। खाद्य के प्रकरणों को जांच उपरांत सक्षम न्यायालयों में प्रस्तुत किया जाकर उक्त प्रकरणों मे अब तक से 53 प्रकरणों में दोषसिद्धि उपरान्त कुल 54 लाख 36 हज़ार रुपए का अर्थदण्ड आरोपित किया जा चुका है। वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले के मिठाई दुकान संचालको को निर्देशित किया गया है कि दुकानों में साफ़ सफाई बनाकर रखे एवं मिठाई बनाते समय कृत्रिम रंगों का प्रयोग नियमानुसार मात्रा में करे। अधिक मात्रा में रंग पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। मिठाई दुकान संचालको को विक्रय हेतु प्रदर्शित और भंडारित मिठाइयो पर विनिर्माण तिथि एवं एक्सपायरी दिनांक भी अंकित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिले के स्थाई एवं अस्थाई फूड वेंडरो को निर्देशित किया गया है कि खाद्य को तलने हेतु सही क्वालिटी के तेल का उपयोग करे एवं एक ही तेल को 02-03 बार से ज्यादा तलने के लिए उपयोग ना करे। खाद्य को परोसने अथवा पार्सल करने हेतु अखबारी कागज का उपयोग ना करे, अपने ठेले, खोमचे, दुकान आदि के आसपास पर्याप्त सफाई रखे। खाद्य तैयार करने हेतु सही गुणवत्ता वाली कच्ची सामग्री का प्रयोग करे। आमजनो से भी अपील की गई है कि त्योहारी सीजन एवं बरसाती मौसम में किसी भी खाद्य को खरीदते समय पर्याप्त सावधानी बरते, पैक खाद्य को क्रय करते समय उसकी विनिर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, विनिर्माता का पूरा पता, एफएसएसएआई लाइसेंस, बैच नंबर आदि देखकर खरीदे। यदि पैकेट पर एक्सपायरी डेट पढने योग्य ना हो तो उस खाद्य को ना ख़रीदे। मिठाई खरीदते समय उसकी विनिर्माण तिथि का पता लगाए। ऐसे खाद्य जिनमे ज्यादा कृत्रिम रंगों का प्रयोग किया गया है के सेवन से भी बचना चाहिए। खाद्य कि गुणवत्ता से सम्बंधित शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 9340597097 पर कॉल अथवा व्हाट्सएप कर सकते है।

## अधिकांश हरी सब्जियों की कीमत मे वृद्धी , गरीबो के थाली मे सोनबड़ी

पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com



अंचल के हर गांव मे मरार पटेल निवासरत है। इन्हीं पटेलो के बाड़ीयों मे जब हर प्रकार की सब्जी का उत्पादन कर बाजार मे उपलब्ध रहता है। तब हरा सब्जीयों का भाव पांच से दस रुपए किलो मे मिलता है। सस्ते होने से लोग झोला भर भर के ले जाते है। जैसे जैसे बरसात आने लगता है वैसे ही सब्जियों के दाम बढ़ने लगता है। चूंकि बरसात मे मरार के बाड़ी से सब्जी निकलना बंद हो जाता है। इस कारण सज्बियों का दाम आसमान छुने लगता है। इसी तरह चिल्हर टमाटर 70 से 80 रुपए किलों फूल गोभी 100 रुपए किलो पत्ता गोभी 50 रुपए किलो कुदरू 40 रुपए मूली 40 से 50 रुपए भिंडी 40 रुपए लालभाजी 50 रुपए किलो लाल बरबट्टी 40 से 50 रुपए बैगन 40 से 50 रुपए लौकी 20 से 30 रुपए पत्ता धनिया 400 रुपए किलो चुटचुटइया 120 रुपए हरा मिर्ची 120 रुपए नींबू एक नग पांच रुपए आलू 40 से 42 रुपए करेला 40 रुपए मुनगा 70 रुपए कोचई 40 से 50 रुपए परवल 60 रुपए इत्यादि प्रति किलो बताया जा रहा है।

## मैनपुरखुर्द में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**गरियाबंद।** जिले के विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 19 जुलाई को सवेरे 10 बजे से किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर मैनपुरखुर्द के सामुदायिक भवन प्रांगण में आयोजित किया जायेगा।

## जिले में औसत वर्षा 348 मि.मी. दर्ज

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले में चालू मानसून सत्र में गत 01 जून से 18 जुलाई 2024 तक औसत वर्षा 348.9 मि.मी. दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अभी तक 91.5 प्रतिशत औसत बारिश हो चुकी है। भू-अभिलेख शाखा गरियाबंद से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक सबसे अधिक मैनपुर तहसील में 440.9 मि.मी कुल वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम अमलीपदर तहसील में 206.9 मि.मी. कुल वर्षा दर्ज की गई है। इसी तरह गरियाबंद में 293.2 मि.मी., छुरा में 307.7 मि.मी., राजिम में 379.2 मि.मी., फिंगेश्वर में 403.2 मि.मी और देवभोग में 411.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## नवकार महिला मंडल ने जन्मदिन पर जरूरतमंद बच्चों को दी सामग्री



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

नवकार महिला मंडल उन्नयीत शासकीय माध्यमिक स्कूल जोधापुर मै अध्यक्ष संतोष मिनी जन्मदिन के उपलक्ष में पार्टी होटल एवं फालतू खर्च न करते हुए माध्यमिक स्कूल में बच्चों को कंपास बाक्स,पहाडा, पुस्तक की आवश्यकता थी एवं बच्चों को जाम वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष का कहना है कि हम पार्टी में होटल में पैसा खर्च करते हैं एवं जितना खाना रहता है खाते हैं बाकी वेस्ट खाना भी जाता है इससे ज्यादा अच्छा जरूरतमंदों को यदि सामग्री मिल जाए उन्हें खाने का सामान मिल जाए तो उससे अच्छी खुशी की बात कुछ नहीं हो सकती। इसी लक्ष्य को रखते हुए नवकार महिला मंडल ने अपना हर कार्य जरूरतमंदों के सेवा के लिए करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष इदू जैन, शशी पिंचा द्वारा माध्यमिक शाला जोधापुर के सभी छात्रों को शिक्षण सामग्री के अंतर्गत कंपास बॉक्स एवं पहाड़ा पुस्तक, जाम प्रदान किया गया एवं बच्चों को शाकाहार के लिए प्रेरित किया गया एवं गणितीय विकास के लिए पहाड़ा समझाते हुए जीवन में उन्नति के लिए आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक एस दास, दीपक दुबे ,जागेश्वर सेन, भूपेश्वरी कोसरे ने नवकार महिला मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद व्यापित किया

## छग शारीरिक शिक्षक संघ की हुई कुरूद में बैठक

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



छ ग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला इकाई धमतरी की बैठक 17 जुलाई 24 को कुरूद में सम्पन्न हुई जिसमे कलेक्टर धमतरी व जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी के व्दारा व्यायाम शिक्षको के लिए निकाले गए तुगलकी फरमान, अव्यवहारिक आदेश के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए जिले के सभी व्यायाम शिक्षक उपस्थित होकर एक स्वर में इस आदेश को निरस्त करने हेतु मुख्यमंत्री, अजय चंद्राकर, रंजना साहू , प्रकाश बैस,सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर, संयुक्त संचालक रायपुर,कलेक्टर धमतरी ,सीईओ जिला पंचायत धमतरी,खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी, जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी,चारो विकास खण्डशिक्षा अधिकारी धमतरी व समस्त प्राचार्य शा उ मा वि जिला धमतरी के लिए पत्र के माध्यम से धमतरी जिले मे प्रशासन व्दारा दी जा रही मानसिक पीडा और दबाव पुर्वक आदेश को तत्काल निरस्त करने हेतु प्रदेश संगठन ने आवश्यकता पडने पर पूरे प्रदेश मे स्कुली खेल गतिविधियां बंद कर इस आदेश के खिलाफ लामबंद होकर विसिल डाऊन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन धमतरी का होगा। पूरे प्रदेश मे संचालक लोक शिक्षण व्दारा व्यायाम शिक्षको के कार्य व खेल गतिविधियां प्रदेश के लिए बनाई गई है उसी के अनुसार ही धमतरी जिले मे भी खेल संचालित हो, जबरदस्ती थोपने और तुगलकी फरमान का संघ पूरजोर विरोध करता है। सर्वसम्मति से जिले के प्रत्येक व्यायाम शिक्षक ने निर्णय लिया है कि वो अपनी सेवा अपनी संस्था मे देगा और निर्धारित समय सारणीनुसार अपने कर्तव्यो का निर्वहन करेगा और किसी भी प्रकार के तुगलगी आदेश का पालन नही करेगा।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने किया कार्यकर्ताओं की समस्या का निराकरण



**धमतरी।** गुरूवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस धमतरी में कार्यकर्ताओं के कार्य और उनकी समस्याओं को भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने सुना और तत्काल प्रभाव से उनका निवारण किया। सरकार बनने के बाद से ही लगातार रोहरा जनता और कार्यकर्ताओं के बीच रहकर उनके समस्याओं का निराकरण करते आ रहे है। कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया।

## छोटे हाथी वाहन में 25 किलो गांजा परिवहन करते गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

राज्य के सीमा ने स्थित सिंघोड़ा पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश पासिंग वाहन से गश्त के दौरान चेम्बर बनाकर उसके अंदर छुपाकर ला रहे 25 किलो गांजा जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये बताई गई है के साथ एक आरोपो को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में टीआई महेश साहू ने जानकारी देते हुवे बताया कि मुखबीर सूचना पर 25 किलोग्राम गांजा कीमती 3,75,000 रूपये को वाहन छोटा हाथी क्रमांक MP 04 LD 8429 में अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर आरोपी राजेश साहू पिता छन्नू लाल साहू उम्र 35 साल निवासी सौभाग्य नगर ए विभाग दुर्गा मंदिर के पास हुजूर थाना अशोका गार्डन जिला भोपाल मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियो को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में विभिन्न विभागों में प्रमुखो का चयन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com






सरस्वती शिशु मंदिर बालसी विद्यालय में आचार्य भारती एवं कन्या/ बाल/ शिशु भारती का गठन किया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों को विद्यालय के प्राचार्या मंजू साहू ने शपथ दिलायी आचार्य भारती गठन में आचार्यो को निम्न दायित्व दिया गया। मंजू साहू प्राचार्या-प्रशिक्षण व अनुशासन प्रमुख, अंजन स्वांई -परीक्षा व खेलकूद प्रमुख, नरेंद्र मांझी – नैतिक शिक्षा व वाहन प्रमुख , पद्मिनी साहू शिशु वाटिका व व्यवस्था प्रमुख, जगदीश राणा – कम्प्यूटर व विद्युत प्रमुख, कौशल साहू लिपिक व चिकित्सा प्रमुख, सरिता प्रधान– प्रार्थना व संगीत प्रमुख, दुजलाल साहू– मिडिया व जल प्रमुख,कु रजनी सिदार – बागवानी व पर्यावरण प्रमुख,कु.लक्ष्मी नूतन भोई – बालिका शिक्षा व संस्कृति ज्ञान परीक्षा,कु. खुशबू साहू- सांस्कृतिक व स्वच्छता प्रमुख, दुष्यन्त साहू – शारीरिक व योग प्रमुख। इस प्रकार भैया बहनों को भी निम्न दायित्व दिया गया ! अध्यक्ष कु. मानसी साहू , उपाध्यक्ष कु. निक्की प्रधान सचिव भैया नवीन रात्रे सह सचिव भैया गगन ध्रुव प्रार्थना प्रमुख–मानसी, निक्की,यशु साहू, अनुशासन प्रमुख – गरिमा ध्रुव, आस्था प्रधान सांस्कृतिक प्रमुख मुस्कान व शीतल ,क्रीड़ा प्रमुख हनीषा व रूपाली प्रधान शारीरिक प्रमुख – गगन व आर्यन बारीक, स्वच्छता प्रमुख – अन्नू व सारिका स्वांई , बागवानी प्रमुख – चन्द्रप्रभा व अमीषा भोई, चिकित्सा प्रमुख–सेफाली व नीतिका साहू पुस्तकालय प्रमुख– अंशिका व भोजमोती जल व्यवस्था प्रमुख– अंश प्रधान व डिलेश बंजारा खोया – पाया प्रमुख अरमान भोई व चंद्रकांत नायक निगरानी प्रमुख – टिकेश्वर व खिरोद साहू को दायित्व दिया गया।

## स्वतंत्रता आंदोलन मे प्रमुख स्तंभ रहा बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव का नहर सत्याग्रह: विजय मोटवानी

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर भाजपा नेता विजय मोटवानी ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



देश के स्वतंत्रता आंदोलन में क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने में कंडेल नहर सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिनकी पुण्यतिथि पर पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता विजय मोटवानी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को छत्तीसगढ़ की धरती पर प्रथम बार तथा दूसरे बार लाने का श्रेय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के नहर सत्याग्रह को जाता है और यहीं से ही पूरे राष्ट्र में असहयोग आंदोलन के साथ ही सामाजिक विषमता को मिटाने के अध्याय का सूत्रपात हुआ था जिसके लिए आज की युवा पीढ़ी को ज्ञान प्रदान करने हेतु नहर सत्याग्रह को पाठ्यक्रम में समुचित स्थान प्रदान किया जाना चाहिए जिसके लिए विश्व में छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन के जिम्मेदार लोगों से पत्र व्यवहार कर मिलेंगे।

## रोपा व बियासी के लिए झमाझम बारिश का इंतजार



पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

आषाढ़ माह के दूसरे पखवाड़े कुछ दिन शेष है इन दिनो ट्यूववेल साधन वाले किसान रोपाई कार्य जोर शोर से चल रही है और कुछ साधन वाले किसान रोपाई न करके लाइहारा प्रतिद्धी से धान की बोआई कर रहे है। आपको बतादे कि चालू खरीफ सीजन मे अब तक 90 फीसदी बोनी कार्य हो गई है। जब की छोटे से छोटे किसान धान की बोआई टेक्टर से कर लेते है। वही नर्रा क्षेत्र गांवो मे दोपहर मे बुधवार को गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने से बाहरा नार उतार खेतो मे पानी भरने व बहाव होने से किसान डीएपी पोटास खाद का छिड़काव कर नांगर बैल से बियासी कार्य शुरू हो गई है। अभी भी मानसून पर निर्भर दादर चनवारी मेर्रा छोर्रा भर्री खार आदि मे लगे धान की फसल रोपा बियासी के लिए किसान झमाझम बारिश की इंतजार मे हैं।

## राजस्व मंत्री के कड़े निर्देश के बावजूद तिल्दा-नेवरा में भूमाफियाओं का बोल बाला

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



भू-माफ़ियाओं के बढ़ते कदम तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में खासा चर्चा का विषय बन गया है। एक तरफ शासन प्रशासन भूमाफ़ियाओं पर लगाम कसने की बात कह रही है ,वहीं इसके विपरीत दुसरी ओर भूमाफ़ियाओं का हौसला बुलंद होता नजर आ रहा है। प्रशासन भी इस मसले से बेचैन नजर आ रहे हैं, चुंकि यहां पर देखा जा रहा है कि संबंधित अधिकारी भी दो मुही तलवार के मध्य काम करने को मजबुर नजर आ रहे है। सूत्रो का माने तो अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन की बुलडोजर चलने के पहले राजनीतिक गलियारो से एक ऐसी ताकत का रोड़ा सामने आ जा रहा है।जो प्रशासन के कार्यों में हस्तक्षेप करने में बाज नहीं आ रहे हैं। नतीजतन तिल्दा-नेवरा नगर में भूमाफ़ियाओं का बोल बोला दिख रहा है। यही नहीं शासकीय जमीनो में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण की खबरें नगर में चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि भूमाफ़िया कहीं ना कहीं अपने आप को सत्ता धारी पार्टी के करीबी बताकर शासकीय जमीनों का दोहन करने में लगे हुए। इस खेल में छुटभैय्या नेताओ का दबाव भी माना जा रहा है। हद तो यहां तक पार कर गई कि नियमानुसार जनहित हेतु मांगी गई सुरक्षित भूमि पर भी नेताओं का वरदहस्त होने का हवाला देकर कब्जा करने में जरा भी कुरेज नहीं किया जा रहा है। बीते दिन तिल्दा से सिमगा मार्ग पर पत्रकारों के भवन हेतु शासन से सुरक्षित भूमि पर मांग पत्र का जो मामला न्यायालय में लंबित है। उस भूमि पर ही कथित भाजपा के सिपलहरो के द्वारा कब्जा करने के नीयत से हमला बोल दिया गया ,। लोकतंत्र के चौथा स्तंभ को भी छुटभैय्या नेताओ के द्वारा नहीं बक्शा जा रहा है ,तो अन्य समाज का क्या बिसात? जानकारी में आया है कि कुछ लोग राजनीति पांवर के दुरूपयोग कर बड़े पैमाने पर शासकीय जमीन पर कब्जा जमाये बैठे हुए हैं। इसके अलावा भूमाफ़ियाओं को भी संरक्षण देने का खेल खेला जा रहा है।

## एनएसयूआई ने महाविद्यालय मे लगाया छात्र सहायता केंद्र



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई ने पहली बार महाविद्यालय आ रहे छात्र छात्राओं के मदद के लिए जिले के हर महाविद्यालय मे छात्र सहायता केंद्र स्टूडेंट हेल्प डेस्क लगाया है। छात्र छात्राओं को होने वाली छोटी बडी समस्या व जरूरतों को पूरी करने हर साल एनएसयूआई कार्यकर्ता इस तरह से हेल्प डेस्क लगाकर मदद करते है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया की जब छात्र पहली बार स्कूल से कॉलेज आते है तो उनके लिए कॉलेज का वातावरण अलग होता है कई छात्र जानकरी के अभाव मे भटकते रहते है एनएसयूआई छात्र सहायता केंद्र के माध्यम से सैकडो स्टूडेंट्स की मदद करती आयी है। नई उमंग,नई तरंग एनएसयूआई हमेशा आपके संग मे आई हेल्प यू जैसे कई स्लोगन साथ मे लिए एनएसयूआई कार्यकर्ता महाविधालयों मे मदद के लिए लगे हुये है।

# बांधा तालाब बना ग्राम परसट्टी का धरोहर गिरते भू जल स्तर में भी दे रहा राहत

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत परसट्टी में पारम्परिक जलागम, गांव की मिट्टी की मिजाज, स्थानीय जलवायु के अनुरूप बांधा तालाब नवीनीकरण सह रिटर्निंग वाल का निर्माण किया गया है। भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु पानी मिल ही जाता है। स्थानीय मछुआरा समूह को मछली पालन एवं सिंघाड़ा की खेती हेतु लीज पर दिया गया, ताकि समूह आजीविका के प्रति आत्मनिर्भर बन सके। ग्राम पंचायत परसट्टी में बांधा तालाब का निर्माण वर्ष 2024-25 में किया गया। इसके लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत राशि 9 लाख 73 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई। 20 एकड़ क्षेत्र में फैले बांधा तालाब को चारों ओर से पींचिंग कर सुदृढ़ और मजबूत बना दिया गया। आजकल सिंचाई एवं जल संरक्षण के कार्यों के लिए विभिन्न परियोजनाएं संचालित है। शासन स्तर से पंचायत एवं ग्रामीणजनों को पारम्परिक जल स्त्रोत को संरक्षित करने आह्वान किया जा रहा है। परसट्टी का बांधा तालाब जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। घटते जल स्तर के बावजूद भीषण गर्मी में ग्रामीणों को निस्तार सुविधा सहित संकट से मुक्ति दिलाया है। बांधा तालाब गांव की धरोहर है। पंचायत में इस धरोहर को सहेजने की जरूरत है। नमी के कारण जल स्तर में स्थिरता रहेगी वहीं हेडपंप, कुंआ धरातल पर दिखाई देगी।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच कुबेर सिंह ध्रुव ने बताया कि-ग्रामीणजनों की निस्तारी सुविधा, जमीन की नमी को सहेजने सहित पर्यावरणीय संरक्षण के लिए बांधा तालाब का निर्माण सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। निकट भविष्य में मछली पालन, मखाना, कमल जैसे उत्पादों के उगाने की संभावना आर्थिक दृष्टि से बढ़ जाती है। धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में बांधा तालाब का जल अमृत का काम कर रहा है। जल की एक-एक बूंद को सहेजने में ग्रामीणजन, सरकारी महकमों के बजाय में स्वनिर्णय लें तो निश्चित रूप से हमारा सरोवर धरोहर के रूप में गांव की पहचान को कायम रखेगी। रोजगार सहायक यादेश्वर साहू ने बताया कि-बांधा तालाब वर्तमान समय की आवश्यकता से अवगत कराता है। हमें जल की एक एक बूंद को बचाना होगा। जल संकट की गंभीरता को देखते हुए जल संरक्षण के लिए तालाब का होना निहायत जरूरी है तभी जलस्त्रोत से आसपास की भूमि में नमी रहेगी। ग्रामीणों द्वारा ग्रामीण विकास समिति के चन्द्रशेखर साहू, लाला राम साहू, रोहित तारक, भूषण तारक, कन्हैया तारक, देवेन्द्र साहू, वामन साहू को मछली पालन हेतु लीज पर दिया गया है। बांधा तालाब में प्रथम बार 1000 किलोग्राम के मछली उत्पादन से आर्थिक रूप से सम्मुन्नत हुए हैं। अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि-मछली उत्पादन से आजीविका संवर्धन में वृद्धि हुई है।

# सफाई व्यवस्था निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर सड़क किनारे नही होना चाहिए कचरे का ढेर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर निगम कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर हर दिन सुबह सात बजे शहर की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकल रहे हैं.निरीक्षण पर निकले तो सड़क पर सफाई कर्मी महिला झाडू लगा रही थी।इस समय सड़क साफ सुथरी मिली। कमिश्नर ने कहा सड़क किनारे जगह-जगह कचरे के ढेर जमा नही होनी चाहिए, तत्काल कचरा उठाये।कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ बोरसी बम्लेश्वरी कालोनी, प्रगति मैदान, पंचशील नगर बोरसी क्षेत्र समेत अन्य जगहों जस निरीक्षण कर सफाई कर्मी एवं सुपर वाइजर से कहा कि सफाई व्यवस्था में और भी बेहतर प्रगति लायी जाये।साथ ही यह भी कहा कि सी एंड डी फेंकने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाए, निर्देश के बाद लगातार कार्रवाही की जा रही है। वार्ड नंबर 60 प्रोफेसर कॉलोनी में मकान निर्माण सामग्री रेती गिट्टी के द्वारा नाली को बंद करने के कारण 1000 जुर्माना लगाया गया।कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि फाइट द बाइट अभियान के तहत नगर निगम के अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मानसून के पूर्व किसी भी तरह की कोई संक्रामक बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जानकारी दी जा रही है। इस अभियान में नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी जुट गए हैं।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग दल के साथ सभी के सहयोग से घर-घर निरीक्षण कर डेंगू लार्वा को जन्म के पूर्व ही खत्म करने के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक घर में ड्राई डे मनाया जाएगा। लोगो को बताया जा रहा है कि एक मादा मच्छर पहले अंडे देती है। अंडे से लार्वा बनता है। उसके बाद मच्छर जन्म लेते हैं। यह मच्छर हवा में उड़कर डेंगू जैसी बीमारी उत्पन्न करते हैं। घर-घर में जांच हो रही। उन्होंने ये भी कहा कि नगर निगम कर्मचारी घर घर दस्तक देकर कूलर का पानी, घर की टंकी का पानी, छत, खपरैल में जमा पानी, प्लास्टिक ड्रम, नारियल का खोल, गमला में जमा पानी, बारिश का एकत्र पानी को खाली करा रहे हैं। पानी जमा होने वाले बर्तन को पलट कर रखने, जहां पर भी पानी का जमा हो वहां से खाली किया जा रहा है।

# महाप्रभु जगन्नाथ की आज होगी वापसी, राष्ट्रीय गौशाला धाम में सुंदरकाण्ड का सस्वर किया गया अविरल पाठ, भक्ति में झूमे भक्तगण

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में विराजे महाप्रभु जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र, बहन सुभद्रा की विशेष पूजा अर्चना अनुष्ठान के साथ महाभोग प्रतिदिन लगाया जा रहा था जहां दर्शन हेतु भक्तगण भारी संख्या में प्रतिदिन उमड़ रहे थे। देवशयनी एकादशी के पर्व पर बालोद क्षेत्र की शिव कृपा मानस मंडली द्वारा गोधूलि बेला से रात्रि तक सस्वर सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसमें उपस्थित भक्तजन भक्ति भाव के साथ तन्मयता से झूमते हुए नजर आए। समापन में महाआरती के साथ महाभोग का प्रसादी वितरण भी किया गया। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण गांधी ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर से अपने ननिहाल के घर जनकपुर श्री राष्ट्रीय गौशाला पहुंचे भगवान की रथ यात्रा की वापसी आज 19 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय गौशाला से प्रारम्भ होगी जो सिहावा चौक होते हुए श्री जगदीश मंदिर पहुँचेगी। जिसमे ट्रस्ट के सभी सदस्यगण शहर के इस प्रमुख धार्मिक आयोजन रथ यात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए लगे हुए हैं। सभी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण गांधी एवं श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सभी ट्रस्टी सदस्यों द्वारा जनमानस से की गई है।

# लबैक या हुसैन के नारों से गुंजा मोहर्रम का जुलूस, करबला में हुए शहीदों को किया याद

## जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल हुए मुस्लिम, शांति के साथ मनाया गया त्यौहार

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कत्ले हुसैन अस्ल में मर गए यजीद थे, इस्लाम जिंदा होता है हर करबला के बाद। मोहर्रम का त्यौहार इराक देश में स्थित करबला शहर में सत्य और असत्य को लेकर हजरत इमाम हसैन र.अ और यजीदियों के बीच की लड़ाई की याद में मनाया जाता है। करबला में इस्लाम धर्मावलंबियों का वजूद समाप्त करने के उद्देश्य से यजीदियों ने धोखे से हजरत इमाम हुसैन और हसन र.अ. के परिवार को मारने की योजना बनाई गई थी। यजीदियों की हजारों की फौज और हजरत इमाम हुसैन र.अ. के खेमे में 72 लोगों की संख्या के बीच लड़ाई हुई और हजारों की संख्या में लड़ाई लड़ने वाला यजीद का नाम आज कहीं नहीं है और सत्य की राह पर चलने वाले हजरत इमाम हुसैन के नाम का परचम बुलंद करने वाले पूरी दुनिया में अरबों की तादाद में हैं।

**लबैक या हुसैन के लगे नारे**-करबला की लड़ाई को नम आंखों से याद करते हुए मुस्लिम युवाओं और सभी ने लबैक या हुसैन का नारा बुलंद किया। सत्य और असत्य की लड़ाई में किस तरह सत्य की जीत होती है यह मोहर्रम में याद किया जाता है। इन्होंने बनाए ताजिया -जिला मुख्यालय में अंजुमन इस्लामियां और चीर बगीचा से ताजिया बनाए गए थे। हजरत इमाम हुसैन और हसन की याद में ताजिया बनाए जाते हैं। ताजिया बनाने और उसकी नक्कासी में महताब खान, नेसार अंसार और सद्दाम खान की मुख्य भूमिका रही। अंजुमन इस्लामियां के सदर महबूब अंसारी की सरपरस्ती में मोहर्रम कमिटी के सदर तनवीर कुरैशी और सेक्रेटरी एसरारूल हक, खजांची बेलाल अंसारी, नायब सदर मुस्ताक अंसारी छोटे, सलीम खान, तनवीर खान, सगीर खान, महताब अंसारी ने मोहर्रम के जुलूस की तैयारी में अपना खास योगदान दिया।

# ज्ञान सागर संस्कार पाठशाला के सदस्यों और बच्चों ने एक वृक्ष मां के नाम लगाए पौधे




■ बच्चों ने प्रण लिया हमें जीवनदान देने वाले वृक्षों के जीवन की रक्षा अब हम करेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण के महत्व को समझते हुए पाठशाला के बच्चों ने धरती माँ के प्रति दिखाई अपनी जागरूकता सभी ने शहर के मध्य में स्थित गौशाला में जाकर पाठशाला के बच्चों ने पौधा रोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। पाठशाला के सभी बच्चे एवं उनकी शिक्षिकाओं ने मिलकर लगभग 50 से अधिक वृक्ष लगाए। वृक्षारोपण करते समय बच्चों ने यह प्रण लिया की हमें जीवनदान देने वाले वृक्षों के जीवन की रक्षा अब हम करेंगे और इसी तरह अपने आसपास वृक्ष लगाते रहेंगे। बच्चों में बहुत ही उत्साह था रिमझिम रिमझिम बारिश में भी वे वृक्षारोपण के कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस कार्यक्रम में जैन समाज का भी योगदान मिला। ममता विनोद कुमार पाटनी द्वारा बच्चों के स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# आवारा घूम रहे मवेशियो के घड़पकड़ की कार्यवाही लगातार जारी




पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़क पर आवारा घुम रहे मवेशियों को पकड़ने का अभियान जारी है। सड़को एवं गली मोहल्लो में मवेशियो के बैठे रहने से होने वाले वाहन दुर्घटना को देखते हुए निगम द्वारा घड़पकड़ की जा रही है। मवेशियो के मालिको द्वारा अपने मवेशियो को खुला छोड़ देते है। जिससे मवेशी गली, मोहल्लो, सड़को पर कहीं भी जाकर बैठ जाते है या खड़े रहते है। आम नागरिक वाहन से सफर करते है, जिससे मवेशी उनके सामने आ जाते है और टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। आम नागरिक वाहन चलाते समय हार्न बजाने के बाद भी मवेशी उनके सामने से हटते नहीं है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार रोका छेका अभियान लगातार निगम भिलाई के सभी जोनों में जारी है। गुरूवार को टीम द्वारा मवेशियो को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 14 गाय एवं 8 सांड को पकड़ा गया। पकड़े गये गाय को कोसानाला शहरी गौठान एवं सांड को डी मार्ट के पास बने गौठान में ले जाकर छोड़ा गया। अकसर देखने में आता है बारिश के मौसम में जानवरो को मक्खी काटती है। इससे बचने के लिए जानवर रोड़ में आकर बैठ जाते है। मवेशिको के मालिको को पहले भी निगम द्वारा कई बार समझाईस दी गई है साथ ही उनके उपर अर्थदण्ड भी लगाया गया है। फिर भी मवेशियो को खुला छोड़ देते है। निगम आयुक्त ने मवेशियो के मालिको से अपील की है कि अपने मवेशियो को खुला न छोड़े घर पर बांध कर रखें। जिससे सड़को पर मवेशियो से होने वाले वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। कार्यवाही के दौरान जाने के राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, सुपरवाईजर अंजनी सिंह, मदन तिवारी, अरूण सिंह, कन्हैया यादव, आदि उपस्थित रहे।

# शहर में मोहर्रम पर निकला जुलूस, ताजिए अखाड़े और लंगर के साथ जुटे लोग

■ आशूरा पर अकीदतमंदों ने सदा बुलंद की 'या हुसैन', की, बारिश में भी फीका नहीं हुआ उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com




हक के लिए अपनी शहादत देने वाले हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में बुधवार को शहर में ताजिए निकाले गए। शहर के अलग-अलग हिस्से से निकले इस जुलूस में सवारी और अखाड़े भी शामिल हुए। दिन भर रूक-रूक कर होती रही बारिश का असर मोहर्रम के जुलूस पर पड़ा। हालांकि तमाम अंजुमनों ने बारिश को देखते हुए सारे इंतजाम पहले ही कर रखे थे। बारिश के बावजूद जुलूस में शामिल लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। रिमझिम बारिश के बीच भीगते हुए लोग इस जुलूस में 'या हुसैन' की सदा बुलंद करते रहे। जुलूस के दौरान जगह-जगह फातिहा ख्वानी चलती रही और दुआओं में कर्बला के तमाम शहीदों को याद किया गया। दोपहर में शहर की तमाम 48 अंजुमन अपने-अपने इमामबाड़े से ताजिए लेकर निकली। खुर्सीपार, कैम्प, पावर हाउस, गफ्फार कालोनी और अन्य हिस्से से ताजिए पावर हाउस पहुंचे। ये सभी ताज़िये, अखाड़ा और तंज़ीमे अपने अपने चौक इमामबाड़ों से जुलूस के साथ अपने तयशुदा रास्तों से दोपहर 2 बजे निकलकर पावर हॉउस ओवर ब्रिज होते हुए इक्विपमेंट चौक पहुंचे। जहाँ से सेंट्रल एवेन्यू रोड होते हुए सेक्टर-5 चौक होते हुए सेक्टर-6 जामा मस्जिद रोड होते हुए कर्बला मैदान पहुंचे। सुपेला क्षेत्र में अंजुमन शहीदीया के साथ-साथ अन्य अंजुमनों के ताजिए फरीद नगर क्षेत्र से निकले। अंजुमन शहीदीया के संस्थापक हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि इस साल सुपेला अंडर ब्रिज बनने की वजह से सुपेला,फरीद नगर,लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर इस्लाम नगर, व बड़ा इमामबाड़ा के तमाम ताजिए फरीदनगर के विभिन्न मार्गों से गदा चौक होते हुए सुपेला चौक अंजुमन शहीदिया इमामबाड़े के पास अपने-अपने ताजिया अखाड़े लेकर पहुंचे। यहां अपने-अपने अखाड़ों के प्रदर्शन के बाद देर रात फोरलेन सैलानी बाबा के मजार के पास कर्बला मैदान पहुंचे। यहां फातिहा ख्वानी के साथ मोहर्रम का जुलूस खत्म हुआ। इसके पहले शहर की रिवायत के मुताबिक मुहर्रम का जुलूस बीती रात यानि 9 मुहर्रम को भी निकला। जिसमें अपनी-अपनी बस्तियों से निकलकर अलग-अलग मार्ग से होते हुए पावर हाउस चौक पर इकट्ठा हुए और अपने-अपने ताजिया-अखाड़े का प्रदर्शन कर सुबह 4 बजे वापस अपने अपने क्षेत्र के इमामबाड़ा पर लौट गए। 9 मुहर्रम की रात फरीद नगर और जेपी चौक-सेक्टर 6 ईदगाह के समीप अलाव का प्रदर्शन हुआ।

# रिसाली निगम के रिहायशी क्षेत्र और रिक्त भूमि का होगा सर्वे

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



रिसाली निगम का आधे से ज्यादा वार्ड स्लम क्षेत्र है। कितने क्षेत्रफल में आबादी है, इसका रिकार्ड भी नहीं है। जहां आबादी बसी है वह बी.एस.पी. क्षेत्राधिकार में है। नगर पालिक निगम स्लम क्षेत्र का जल्द ही सर्वे कर आबादी क्षेत्र और रिक्त भूमि का रिकार्ड तैयार करेगी। उक्त निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में महापौर परिषद के सद्स्यों ने ली है। वर्तमान में बड़े प्रोजेक्ट के लिए रिसाली निगम के पास जमीन नहीं है। एम.आई.सी. के सद्स्यों का कहना था कि जो जमीन हस्तांतरण में मिली है उसमें कितनी जमीन खाली है, इस बात की जानकारी नहीं है। बी.एस.पी. के खाली जमीन पर लगातार अतिक्रमण भी हो रहा है। परिषद के सद्स्यों ने निर्णय लिया है कि निगम प्रशासन एक दल का गठन करे, जो वार्डवार आबादी और खाली जमीन की विस्तृत जानकारी तैयार करे। महापौर परिषद की बैठक में चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, चन्द्रप्रकाश सिंह, अनुप डे, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू उपस्थित थे।

**मृत जानवरों के लिए इंसीनरेटर**- वर्षो से नेवई में अघोषित टेचिंग ग्राउंड को निगम प्रशासन ने समाप्त कर दिया है। ट्रेचिंग ग्राउंड खत्म होने से मृत पशु को दफ्नाने की समस्या है। यही वजह है कि एनीमल इंसीनरेटर स्टाल करने रिसाली निगम ने राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने निर्णय लिया है। एनीमल इंसीनरेटर ऐसे स्थान में लगाया जाएगा जहां आबादी प्रभावित न हो।

**शारदा विद्यालय के पास बनेगा अटल चैक**-समस्त नगरीय निकाय में अटल चैक का निर्माण प्रस्तावित है। रिसाली निगम क्षेत्र में स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से मामला अधर में अटका था। महापौर परिषद के सद्स्यों ने अटल चैक शारदा विद्यालय के सामने खाली जमीन पर बनाने निर्णय लिया। चैक लगभग 50 लाख से बनेगा।

**जर्जर अवास के बदले नया अवास**-महापौर परिषद ने रिसाली निगम के पुरैना में बने अटल अवास को तोड़कर प्रधानमंत्री अवास योजना के तहत नए अवास बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

**पार्षदों के सुझाव को हरी झंडी**-महापौर शशि सिन्हा ने सभी पाषर्दो से आवश्यकता अनुसार विकास के लिए सुझाव मांगे थे। सभी पाषर्दो ने वाटर ड्रेन निर्माण, सड़क चैड़ीकरण, पॉथवे निर्माण, भवन निर्माण के लिए सुझाव दिया था।

# बीएसपी में हादसों को रोकने दिया जा रहा सुरक्षा प्रशिक्षण




पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न कारखानों में कार्यरत नियमित एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा प्रशिक्षण नियमित रुप से प्रदान किया जा रहा है। जिस हेतु जिले के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के पर्यवेक्षण में भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इस सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रमिकों को विशेष रुप से शॉप फ्लोर ट्रेनिंग एवं जॉब-आधारित सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका उद्देश्य संयंत्र में कार्य के दौरान श्रमिकों की दुर्घटनाओं की पूर्ण रुप से रोकथाम सुनिश्चित किया जाना है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Website-www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722241559

### // मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

क्रमांक/कार्य.अभि./वा.वि./निविदा/2024/1202 धमतरी, दिनांक 16/07/2024

नगर पालिक निगम धमतरी के विभिन्न वाहनों के मरम्मत कार्य से संबंधित विभिन्न सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत इच्छुक फर्मों/प्रदायकर्ताओं से निविदा फार्म ''बी'' में निविदा दरें दिनांक ............... को स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा की समय सारिणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निगम के विभिन्न वाहनों के मरम्मत कार्य हेतु विभिन्न मरम्मत सामाग्रियां प्रदाय कार्य | 10.00 | 30000.00 | 01. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30.07.2024<br>02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 01.08.2024 कार्यालयीन समयावधि तक।<br>03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 07.08.2024 समय अपरान्ह 5:30 बजे।<br>04. निविदा खोलने की तिथि 08.08.2024 समय कार्यालयीन अवधि तक। |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के वाहन विभाग से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.org में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी



## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह-ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070127868368, लक्ष्मण वर्मा ( ऋणी ), श्रीमती ज्योति ( सहऋणी ) | 14-जून-24 ₹ 6,92,284/- छः लाख बानवे हजार दो सौ चौरासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | संपत्ति स्थित फ्लैट नं. 05 एल, द्वितीय तल, सी जी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल आवास योजना, तहसील कोरबा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 477 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070131816499, अजय कुमार हिंदुजा ( ऋणी ), चाहत हिंदुजा ( सहऋणी ) | 15-जून-24 ₹ 21,92,659/- इक्कीस लाख बानवे हजार छः सौ उनसठ रूपये मात्र 14-जून-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 26/5, 27/1 पीएच नं. 20, शीट नं. 02, फ्लैट नं. बी-216, द्वितीय तल, ब्लॉक बी वार्ड नं. 44, संजय हाईट्स, ग्राम चातीदीह विकास खण्ड बिलहा, तहसील एव जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 58.2 वर्ग मीटर |

दिनांकः 18-07-2024
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

### जम्मू कश्मीर आतंकी हमले

**जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले** जारी हैं जिनमें लोगों की जानें गई हैं। जम्मू कश्मीर में हुई एक और त्रासद घटना में सुरक्षा बलों के चार जवान शहीद हुए हैं। एक मेजर समेत भारतीय सेना के चार सैनिक डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ करते समय शहीद हुए। इस घटना से सुरक्षा बलों के समक्ष उपस्थित चुनौतियां उजागर होती हैं तथा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के बारे में सरोकार गहरे होते हैं। व्यवस्था में सुधार के दावों के बावजूद आतंकी हमलों की बारंबारता और तीव्रता बढ़ रही है। सुरक्षा बलों में हताहतों की संख्या अलग-थलग घटनाओं के परिणामस्वरूप न होकर हिंसा के एक व्यापक पैटर्न का संकेत है। आतंकी घटनाओं व लक्षित हत्याओं का जम्मू में केन्द्रित होना एक महत्वपूर्ण व चिन्ताजनक बदलाव है, जबकि यह दो दशकों से शांत था। 2021 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद जम्मू में आतंकी हमलों और लक्षित हत्याओं में चिन्ताजनक उभार आया है। इसके कारण हिंसा खतरनाक स्तर तक बढ़ी है जिससे क्षेत्र में अस्थिरता की आशंका है। संभवत: कश्मीर में प्रभावी 'आतंकवाद-विरोधी रणनीतियां' जम्मू के विशिष्ट और सामाजिक परिदृश्य के अनुकूल न हों। हालांकि, अतीत की रणनीतियों से प्राप्त सबकों से कुछ दिशा मिल सकती है, पर जम्मू में आतंक की नई लहर से निपटने के लिए नए आतंकवाद-विरोधी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय रूप से कश्मीर में पत्थरबाजी और सामाजिक अशांति में परिवर्तन आया है, पर उग्रवाद बना हुआ है और सक्रिय उग्रवादी समूहों ने अब जम्मू क्षेत्र को निशाना बनाना शुरू किया है। इन समूहों को



अक्सर सीमापार से समर्थन मिलता है जिससे सुरक्षा परिदृश्य जटिल होता है। उग्रवाद को कुचलने के लिए अनेक सैनिक कार्रवाइयों के बावजूद इन समूहों की मजबूती एक बड़ी बाधा है। जम्मू कश्मीर में सामाजिक-राजनीतिक परिवेश भी हिंसा भड़काने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। ऐतिहासिक कठिनाइयों, राजनीतिक हाशियाकरण तथा सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां उग्रवाद के लिए उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराती हैं। हाशियाकृत अनुभव होने के बाद अनेक स्थानीय नौजवान हिंसा के दुष्चक्र में फंस जाते हैं जिससे सुरक्षा बलों के लिए स्थिति और जटिल हो जाती है। इन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना टकराव के किसी दीर्घकालीन समाधान के लिए जरूरी है। सुरक्षा बलों में हताहतों की संख्या बढ़ने से वर्तमान रणनीतियों की प्रभावशीलता पर सवाल उठते हैं और आतंकवाद-विरोधी तथा आंतरिक सुरक्षा दृष्टिकोण के पुन: मूल्यांकन की आवश्यकता उजागर होती है। हालांकि, अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद की गई उम्मीद पूरी तरह सफल नहीं हुई है। इसे देखते हुए जम्मू कश्मीर में आतंकवादी समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। इसमें जीवन्त सुरक्षा उपायों के साथ ही राजनीतिक संवाद तथा समुदाय की सहभागिता के प्रयास भी शामिल होने चाहिए। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि हालिया लोकसभा चुनाव में तीन-चार दशक बाद जनता की भारी सहभागिता देख कर आतंकियों, चरमपंथियों व उनके समर्थकों के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। जम्मू कश्मीर में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले ऐसे तत्व जनता को डरा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को संकट में डालना चाहते हैं। जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने ऐसे 'स्थानीय तत्वों' की ओर संकेत किया है जो आतंकी तत्वों को बढ़ावा देते हैं। राजनीतिक रूप से ऐसे तत्वों पर लगाम लगाना भी जम्मू कश्मीर में शांति के लिए जरूरी हो गया है।

# उपचुनाव नतीजों के संकेत

उपचुनाव नतीजों के अनेक संकेत हैं। विपक्ष के अनुसार इनसे सरकार के स्थायित्व पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि भाजपा आंतरिक व बाहरी दबावों का सामना कर रही है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



उपचुनाव नतीजों के अनेक संकेत हैं। विपक्ष के अनुसार इनसे सरकार के स्थायित्व पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि गठबंधन बनाए रखने के लिए भाजपा को आंतरिक व बाहरी दबावों का सामना करना पड़ रहा है। कई राज्यों में हुई 13 सीटों के उप-चुनाव परिणामों से प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के बारे में मतदाताओं की राय समझने में सहायता मिल सकती है। हालांकि, 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरा कार्यकाल मिल गया। लेकिन आम चुनाव के एक महीने बाद हुए 13 सीटों के उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को 10 सीटों पर विजय मिली। इससे देश में राजनीतिक उथलपुथल पैदा हुई है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 'इंडिया' समूह को मिले इन सकारात्मक परिणामों से सत्तारूढ़ गठबंधन की सत्ता पर पकड़ प्रभावित हो सकती है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में 240 सीटों पर सफलता मिली, पर वह बहुमत के 272 के आंकड़े से पीछे रह गई।

इसके परिणामस्वरूप उसे 'राजग' सहयोगियों के समर्थन पर निर्भर होना पड़ा। आशंका है कि इन स्थितियों में गठबंधन सहयोगी सरकार के नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करेंगे तथा इसके कारण गठबंधन बनाए रखने के लिए भाजपा को समझौते करने पड़ सकते हैं। ऐसे में सत्तारूढ़ गठबंधन में किसी अनिश्चितता की स्थिति या उसकी संभावना में विपक्षी दलों की हिम्मत बढ़ सकती है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा 240 सीटें ही प्राप्त कर सकी और इस प्रकार वह अपने दम पर 272 के बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई। ऐसे में भाजपा को अपने 'राजग' सहयोगियों के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इस निर्भरता के कारण भाजपा के उन नीतिगत निर्णयों पर प्रभाव पड़ सकता है जिनकी रूपरेखा उसने चुनाव के पहले ही तैयार कर ली थी। गठबंधन सहयोगियों पर निर्भरता के कारण भाजपा को उन खास मुद्दों को ठंडे बस्ते में डालना पड़ सकता है जो उसकी पहचान माने जाते थे। इसके साथ ही विपक्षी नेताओं तथा कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में सरकार के स्थायित्व पर भी संदेह के बादल मंडरा सकते हैं। संख्याबल के इस नाजुक संतुलन में विपक्ष संतुलन बिगाड़ने के प्रयास कर सकता है। उसका इरादा सत्तारूढ़ गठबंधन में असहज स्थितियां पैदा करने का है ताकि इसकी स्थिरता पर संदेह पैदा हो जाए। विधायिका में सीट खाली होने पर भारत का निर्वाचन आयोग स्वत: उप-चुनाव की घोषणा कर देता है। विधायिका में सीट खाली होने के अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें निर्वाचित विधि-निर्माता की मृत्यु, इस्तीफा, अयोग्यता या उसकी सदस्यता समाप्त होना शामिल हैं।

संसद के किसी सदस्य की मृत्यु या उसके इस्तीफे की स्थिति में भी उपचुनाव होते हैं। इस स्थिति में केवल उस खाली सीट के मतदाता ही वोट दे सकते हैं। पिछले बुधवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव हुए थे। इनमें पंजाब की एक, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पश्चिम बंगाल की चार तथा मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीटें शामिल थीं। इन उपचुनावों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस-टीएमस, आम आदमी पार्टी-आप तथा द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-द्रमुक, आदि ने अपने उम्मीदवार उतारे थे ताकि वे इन क्षेत्रों में अपनी शक्ति का परीक्षण कर सकें। इन उपचुनावों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मिली व्यापक सफलता से विपक्ष के हौसले में काफी वृद्धि हुई है। ये उपचुनाव 'इंडिया' समूह के लिए काफी महत्वपूर्ण और इसका एक प्रकार से परीक्षण थे क्योंकि लोकसभा चुनाव, 2024 के बाद वह पहली बार भारतीय जनता पार्टी-भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का चुनाव मैदान में सामना करने जा रहा था। इन उपचुनावों में विपक्ष के क्षेत्रीय कद्दावर नेताओं का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। 'इंडिया' समूह की एक प्रमुख पार्टी तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी ने बंगाल की सभी चारों सीटों पर विजय प्राप्त की। उसकी यह विजय महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उत्साह से भरी कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में दो-दो सीटें जीतने में सफलता प्राप्त की। इससे कांग्रेस की शक्ति इन राज्यों में और बढ़ गई है।

द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-द्रमुक ने तमिलनाडु में एक सीट जीती। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी-आप को जालंधर पश्चिम की सीट पर विजय मिली। इन विविधतापूर्ण नतीजों से वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में अनिश्चितता की भावना बढ़ सकती है। इसके साथ ही भाजपा द्वारा केवल दो सीटें जीतने तथा बिहार में एक निर्दलीय के चुनाव जीतने से उपचुनाव परिणामों की जटिलता और बढ़ जाती है। यह आमतौर से माना जाता है कि उपचुनावों में राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी को सफलता मिलती है। इसे देखते हुए टीएमसी, द्रमुक, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-आप की अपने सत्तारूढ़ राज्यों में विजय इनका उन राज्यों पर लगातार जारी नियंत्रण समझा जा सकता है।

टीएमसी के लिए ये उपचुनाव परिणाम बहुत उत्साहवर्धक थे क्योंकि केवल एक महीने पहले उसने पश्चिम बंगाल में 29 संसदीय सीटों पर विजय पाई थी, जबकि 2029 में इनकी संख्या 22 थी। लेकिन उत्तराखंड और बिहार में चीजें अलग थीं। यहां सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में हुए तीन उप-चुनावों में से दो पर विजय मिली है। परिणामों के बाद 68 सदस्यों वाली राज्य विधानसभा में कांग्रेस की संख्या फिर बढ़ कर 40 हो गई है। इससे हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू क नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार स्थिर हो गई है। उपचुनाव राजनीतिक पार्टियों और उनकी लोकप्रियता का महत्वपूर्ण परीक्षण होते हैं। इनके माध्यम से पार्टियां अपने समर्थन आधार तथा जनता की भावनाओं का पता लगाती है। अक्सर वे अपनी अभियान रणनीतियों की प्रभावशीलता का आंकलन करने के लिए उपचुनावों का प्रयोग करती हैं। इसका प्रभाव भावी चुनावों पर पड़ता है। यदि सत्तारूढ़ पार्टी उपचुनाव में कोई सीट जीतती है तो इससे उसकी सीटों की कुल संख्या बढ़ सकती है जिसका प्रभाव सरकार के स्थायित्व तथा उसकी निर्णय लेने की क्षमता पर पड़ सकता है। इस दृष्टिकोण से देखें तो भाजपा को अपने प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है, हालांकि वह लोकसभा चुनाव में कम सीटें मिलने के कारणों की लगातार जांच भी कर रही है। हार के उभरते कारणों और मीडिया में आने वाली खबरों से लगता है कि भाजपा के भीतर वर्तमान रणनीतियों पर सवाल उठ रहे हैं तथा संभवत: कुछ नेताओं के बीच इसके कारण तनाव है।

मीडिया में आशंकायें व्यक्त की जा रही हैं और अनुमान लगाए जा रहे हैं कि संभवत: आरएसएस और भाजपा के बीच तनाव है। इससे पार्टी को आरएसएस का समर्थन नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकता है। इसके साथ ही भाजपा के भीतर और बाहर से पैदा दबावों के कारण सत्तारूढ़ गठबंधन में भी तनाव व अनिश्चितता का माहौल पैदा हो सकता है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार 'इंडिया' समूह के मजबूत प्रदर्शन से लगता है कि देश में राजनीतिक गत्यात्मकता बदल रही है। उल्लेखनीय है कि मतभेदों के बावजूद विपक्षी दलों के एकजुट होकर काम करने से उनको सफलता मिली है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि दोनों तत्वों के कारण वे सफल हुए हैं।

विपक्ष के राजनीतिक रूप से मजबूत होने के कारण सत्तारूढ़ गठबंधन कमजोर हो सकता है जिससे विपक्ष की स्थिति और मजबूत होगी। हालांकि, वर्तमान समय में भविष्य का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, पर जीतना और हारना लोकतंत्र का अंग हैं। उपचुनावों के परिणामों का प्रभाव इस वर्ष के अंत में होने वाले महाराष्ट्र और हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनावों में खासतौर से दिख सकता है। 'इंडिया' समूह द्वारा उपचुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन से आगामी विधानसभा चुनावों में विपक्ष की स्थिति और मजबूत हो सकती है। इन विधानसभा चुनावों से तय होगा कि विपक्ष को शक्ति मिलती है, अथवा वह कमजोर होता है।ार बन जाता।

# पर्यटन उद्योग के समक्ष चुनौतियां और भविष्य

> जैसे-जैसे केंद्रीय बजट 2024 नजदीक आ रहा है, भारतीय पर्यटन उद्योग को समर्थन और रणनीतिक पहलों में वृद्धि की बड़ी उम्मीदें हैं।

दिव्या भाटिया
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



पर्यटन हमेशा से दुनिया भर के देशों की आर्थिक वृद्धि और जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है, और भारत इसका अपवाद नहीं है। भारतीय पर्यटन ने लगातार उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है, भले ही यह सरकारी नीतियों का प्राथमिक फोकस नहीं रहा हो। बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में सुधार हुए हैं, लेकिन ये प्रयास सीमित रहे हैं। भारतीय पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को कोविड-19 महामारी के दौरान अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करना पड़ा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की यात्राओं में तेज गिरावट के कारण महत्वपूर्ण गिरावट आई। इन चुनौतियों के बावजूद, उद्योग ने 2023 में सुधार के संकेत दिखाने शुरू कर दिए। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार, 2023 में 152 मिलियन घरेलू यात्री आए, जो 2022 के 123 मिलियन से लगभग 24त्न अधिक और 2019 के 144 मिलियन से लगभग 6त्न अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रा में भी पुनरुद्धार के संकेत मिले, 2023 में भारत से और भारत के लिए 63.9 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय यात्री आए, जो 2019 में देखे गए 64.2 मिलियन के करीब है और 2022 के 47 मिलियन से 35 प्रतिशत अधिक है। कंसल्टिंग फर्म मैकिन्से एंड कंपनी का अनुमान है कि भारत 2030 तक खर्च के मामले में चौथा सबसे बड़ा घरेलू यात्रा बाजार बन जाएगा।

इसके अतिरिक्त, विमानन विश्लेषण फर्म संकेत देती है कि भारत अब अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। डब्ल्यूटीटीसी ने बताया कि इस क्षेत्र ने 2023 में भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में 19.13 ट्रिलियन (.230 बिलियन) का योगदान दिया, जो 2019 के स्तर से लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उद्योग में रोजगार में भी 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 43 मिलियन नौकरियों तक पहुंच गई। यह क्षेत्र के लचीलेपन और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। वे अनुमान लगाते हैं कि भारतीय पर्यटन उद्योग में वृद्धि जारी रहेगी, और 2024 में सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 21.15 ट्रिलियन (.253 बिलियन) तक पहुंचने की उम्मीद है। उद्योग में नौकरियों में भी 2.45 मिलियन की वृद्धि होने का अनुमान है, जो भारत में हर 11 नौकरियों में से एक है। सकारात्मक संकेतकों के बावजूद, हाल के सरकारी बजटों में पर्यटन उद्योग को काफी हद तक नजरअंदाज किया गया है जैसे-जैसे केंद्रीय बजट 2024 नजदीक आ रहा है, पर्यटन उद्योग सरकार से अधिक समर्थन और निवेश की उम्मीद कर रहा है।

द ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष ज्योति मयाल को लगता है कि विदेशी प्रचार और प्रचार के लिए आवंटन में भारी कटौती करके उसे मात्र 3 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले साल के 100 करोड़ रुपये से कम है। वे कहती हैं, उद्योग बुनियादी ढांचे, विपणन और कौशल विकास को बढ़ाने के लिए बजट आवंटन में वृद्धि का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कनेक्टिविटी, विरासत स्थलों और इको-टूरिज्म में निवेश से विकास को बढ़ावा मिल सकता है। संधारणीय प्रथाओं, अपशिष्ट प्रबंधन और संरक्षण प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना जिम्मेदार पर्यटन के साथ संरेखित होता है। वीजा आवश्यकताओं को सरल बनाना और भारत आने वाले पर्यटकों के लिए वीजा-मुक्त प्रवेश को प्रोत्साहित करना विदेशी पर्यटकों के आगमन को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

होटल और रेस्तरां एसोसिएशन वेस्टर्न इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी का कहना है कि पर्यटन और आतिथ्य, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है और इसे प्राथमिकता क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक की परियोजना लागत वाले होटलों और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में विकास को गति देने के लिए आवश्यक है। 7500 रुपये से अधिक के कमरे के किराए वाले होटलों के लिए 18 प्रतिशत जीएसटी श्रेणी को समाप्त करके, इसे 12 प्रतिशत जीएसटी श्रेणी में विलय करने से घरेलू और इनबाउंड पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीओएआई) के अध्यक्ष रियाज मुंशी का कहना है कि आउटबाउंड पर्यटन क्षेत्र सकारात्मक नीतिगत बदलावों की उम्मीद कर रहा है।

उन्होंने कहा, एक प्रमुख उम्मीद आउटबाउंड टूर पैकेजों पर जीएसटी दरों में कमी की है, जिससे अंतरराष्ट्रीय यात्रा अधिक किफायती हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, मौजूदा टीसीएस दरों की तुलना में बेहतर कर संग्रह (टीसीएस) नीतियों की उम्मीद है, जो वित्तीय और प्रशासनिक समस्याओं का कारण बन रही हैं।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष श्री राजीव मेहरा का मानना है कि वैश्विक मानचित्र पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता है। उनका कहना है, पर्यटन मंत्रालय को उद्योग के हितधारकों के साथ विदेशी यात्रा मार्ट में भागीदारी के लिए विपणन और प्रचार के लिए अलग से पर्याप्त धनराशि दी जानी चाहिए, रोड शो आयोजित करने और टूर ऑपरेटरों को एमडीए सहायता के लिए। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश का मानना है कि पर्यटन के आर्थिक और सामाजिक लाभों के बारे में सभी दिखावटी बातों के बावजूद, उद्योग दुखद रूप से उपेक्षित है। केवल बुनियादी ढांचे का विकास पर्याप्त नहीं है - यदि इस क्षेत्र को अपनी क्षमता का एहसास करना है तो इसे विशिष्ट प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

यात्रा और पर्यटन उद्योग हर साल बजट से पहले अपनी इच्छा सूची रखता है और, उस दिन हमेशा निराश होता है। उच्चतम जीएसटी स्लैब 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए और ट्रैवल एजेंट/टूर ऑपरेटर सेटऑफ का दावा करने के पात्र होने चाहिए। हवाई किराए को और अधिक किफायती बनाने के लिए विमानन ईंधन को जीएसटी के अंतर्गत लाया जाना चाहिए, वे कहते हैं।

## आप की बात

### आतंक से मुकाबला

**हाल** ही में हमारे पांच जवान आतंकी मुठभेड़ में शहीद हो गए, हालांकि वीर जवानों ने आतंकी ठिकानों और आतंकियों को भी ढेर कर दिया। इससे पहले भी आतंकियों ने श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया जिसमें 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हालांकि, हमारे सुरक्षाबल मुस्तैदी से आतंकियों का मुकाबला कर रहे हैं और उन्हें तथा उनके अड्डों का सफाया कर रहे हैं किन्तु आखिर कब तक ये खूनी खेल जम्मू-कश्मीर में चलता रहेगा। इसका अंत होना चाहिए ताकि वहां शान्ति स्थापित हो सके। सरकार को आतंकी तैयार करने और उनको शरण व सहायता देने वालों तक पहुँचने के लिए विशेष कार्य योजना बनानी होगी। सरकार को अपनी खुफिया एजेंसियों के जरिये आतंक के स्रोतों तक पहुंच कर त्वरित और गंभीर प्रयास कर आतंक का समूल नाश करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर को आतंक से मुक्ति दिलाने के प्रयास तेज करने होंगे। आतंक से मुकाबले के लिए जनता को भी प्रशिक्षित व सैनिक रूप से तैयार करने की जरूरत है। यदि बहुसंख्य जनता अपने बीच छिपे आतंकियों तथा उनके समर्थकों के खिलाफ स्वत: कार्रवाई करने में सक्षम हो जाए तो सुरक्षा बलों से बोझ कम होगा तथा आतंकवादियों और उनके समर्थकों को पूरे देश में पैर टिकाने का स्थान भी नहीं मिलेगा।

**- महेश नेनावा**, इंदौर

### शिक्षा में नवाचार

**शिक्षा प्रणाली** को नवाचार के माध्यम से सुधारना अब बेहद जरूरी हो गया है। शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इससे छात्रों में रचनात्मकता, समस्या समाधान की क्षमता और स्वतंत्र सोच को विकसित करना भी शामिल होना चाहिए। अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि शिक्षा का असली उद्देश्य मस्तिष्क को सोचने के लिए प्रशिक्षित करना है न कि केवल तथ्यों को याद रखना। शिक्षा प्रणाली में नवीनतम तकनीकों और पद्धतियों को शामिल कर शिक्षकों को भी नियमित रूप से अद्यतित और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे छात्रों को सबसे बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान कर सकें। शिक्षकों का ज्ञान और प्रशिक्षण ही छात्रों को श्रेष्ठ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षा में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए डिजिटल शिक्षा, प्रायोगिक शिक्षा, शिक्षकों का नियमित प्रशिक्षण और अनुसंधान व विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। शिक्षा में नवाचार केवल छात्रों के भविष्य के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा प्रणाली में सुधार और नवाचार से ही हम एक प्रगतिशील और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**- अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### ट्रंप पर हमला

**अमेरिका** में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर हुआ जानलेवा हमला हर लिहाज से दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। गनीमत है कि हमले में ट्रंप को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और वह सुरक्षित हैं। बैलेट से होने वाले चुनावों को बुलेट द्वारा बाधित करने के प्रयास विश्व के हर कोने में होने लगे हैं। अभी कुछ समय पहले ही जापान के भूतपूर्व प्रधानमंत्री की चुनावी भाषण के दौरान हत्या कर दी गई थी। उससे पूर्व भी इंदिरा गांधी व राजीव गांधी सहित विश्व के कई नेताओं पर जानलेवा हमले हुए हैं। अब समूचे विश्व के सभी राष्ट्रीय अध्यक्षों को मिलकर आतंकवाद को जड़ मूल से खत्म करना होगा। ट्रंप तो बच गए मगर फिर भी आतंकवादी मौके की तलाश में हर जगह मौजूद हैं। इस प्रकार बंदूक के जोर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने के प्रयास अक्षम्य हैं। सुरक्षा व्यवस्थायें मजबूत करने तथा सुरक्षा बलों को आधुनिकतम तकनीकों से लैस करने के साथ लोकतांत्रिक समाजों में हिंसा और आतंकवाद पैदा होने के कारणों पर गंभीर विचार कर ऐसी परिस्थितियां बनानी होंगी जिनमें ऐसे तत्वों को विकास का अवसर ही न मिले। अब देखना होगा कि ट्रंप अपने देश में, खासकर नौजवानों में बंदूकों के आकर्षण से निपटने के बारे में क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### इमरान की मुश्किलें

**इमरान खान** की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उन पर सरकार विदेशी चंदा स्वीकार करने, गोपनीय दस्तावेज लीक करने, अमेरिका में गुप्त प्रस्ताव करने और 9 मई को पाकिस्तान में हुए दंगे कराने के मामले में केस शुरू करने की दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। इसके चलते इमरान खान पर देशद्रोह का आरोप और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ - पीटीआई पर प्रतिबंध भी लग सकता है। इसका अर्थ है कि पाकिस्तान में राजनीतिक संघर्ष अपने चरम पर पहुंच गया है और एक भयावह स्थिति पैदा हो गई है। मौजूदा सरकार का मानना है कि पीटीआई और पाकिस्तान सरकार एक साथ काम नहीं कर सकती हैं। लेकिन विडंबना है कि पाकिस्तान सरकार तथा सेना के तमाम प्रयासों के बावजूद आम जनता में इमरान खान की लोकप्रियता बनी हुई है। इसके साथ ही पाकिस्तान में बढ़ती अराजकता, आतंकवाद व आर्थिक बदहाली न केवल उस देश, बल्कि भारत समेत सारी दुनिया के लिए खतरा पैदा कर रही हैं। विफल राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा है जहां वह लगातार आतंकी भेज रहा है।

**- दत्तप्रसाद शिरोड़कर**, मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व मे सरदा क्षेत्र के किसान संगठन मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## सरदा मे निर्माणधीन कंपनी को बंद कराने सीएम को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व मे सरदा क्षेत्र के आसपास के सैकड़ो किसान मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरदा मे निर्माणधीन मेसर्स राईजन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री को बंद कराने सीएम विष्णुदेव सांय को ज्ञापन सौपकर कम्पनी को बंद कराने की मांग रखी। इस दौरान किसान संघ के अध्यक्ष सुरीत साहू ने मीडिया से बात करते हुए बताया की सरदा मे प्रस्तावित उद्योग का कुल क्षेत्रफ्ल 42. 68 एकड़ है और सीसीएम बिलेट्स /इंगोट्स /हॉट बिलेट्स जिसकी दक्षता क्षमता 1,98,000 टन है द्य इस संयंत्र के अस्तित्व में आ जाने से ग्राम सरदा सहित आसपास के करीब 12 ग्राम पंचायत के करीब 10 से 15 हजार एकड़ कृषि भूमि प्रभावित होगी द्य जिससे कृषि उत्पादन क्षमता समाप्त हो जाएगी द्य जिसके कारण क्षेत्र के 20 से 25 हजार लोग जो कृषि से अपने घर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके ऊपर बेरोजगारी भुखमरी तथा वातावरण दूषित हो जाने से स्वास्थ्य भी प्रभावित होगी द्य प्लांट के किनारे बह रही शिवनाथ नदी का जल दूरदराज के लोगो तक पीने का एकमात्र साधन है द्य वह भी दूषित हो जाएगा द्य तथा संयंत्र के कारण नीचे बहने वाली नाला की दिशा भी बदल रही है। दिशा बदलने से बरसात में नाला का जल ग्राम बावनलाख बस्ती में घुसने से पूरा गांव जल मग्न हो जाने की संभावना हैद्य किसानों ने कहा कि पर्यावरण विभाग द्वारा 27 /12/ 2021 को हायर सेकेंडरी स्कूल सरदा में जनसुनवाई हुआ था । जिसमें आसपास की ग्राम पंचायत की ग्रामीणों ने शत प्रतिशत कंपनी के विरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। लेकिन उसके बावजूद भी संयंत्र का काम प्रगति पर है । जिसके कारण क्षेत्रवासी किसान भारी आक्रोषित हैं । किसानों ने कहा कि यदि 10 दिनों की भीतर फैक्ट्री के काम को नहीं रोका गया तो किसानों के द्वारा धरना प्रदर्शन क्रमिक भूख हड़ताल और चक्का जाम किया जाएगा द्य जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन - प्रशासन की होगी। इस दौरान विधायक दीपेश साहू,सुरीत साहू अध्यक्ष किसान समिति बेरला,सूर्यकांत साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बेरला,अरुण साहू,रघुवीर साहू, डॉक्टर ए के पाल,राजकुमार साहू, ममता साहू, रुक्मणी साहू, मनीराम साहू,भक्ति राम साहू, नारायण साहू,संदीप साहू, मनोहर साहू,भारती साहू, मनदीप साहू, पन्नालाल साहू, हर सेवक सिन्हा, विमल साहू, जयनारायण साहू, मोहन साहू, लीला साहू दिवाकर साहू, सरपंच उपस्थित रहे ।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




दआईसीएफएआई विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कुम्हारी स्थित विश्व विद्यालय कैम्पस में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रोफेसर अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई जी थे । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया । सर्वप्रथम आई सी एफ आई विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. एस पी दुबे ने विषय को केंद्र में रखते हुए बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यह सराहनीय कदम बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ले जाने का एक श्रेष्ठ संयोजन है इसे समझने और जानना अत्यंत आवश्यक है । उन्होंने अपने उद्बोधन में नालंदा विश्वविद्यालय से लेकर कई श्रेष्ठ विश्वविद्यालय का उल्लेख किया जिनमें शिक्षा परंपरा द्वारा शिक्षा के उच्च स्तर तक ले जाने का ज्ञान सम्मिलित रहा है । इस कार्यशाला का विषय एंबेडिंग नॉलेज सिस्टम इन हायर एजुकेशन करिकुलम था, इसका विस्तृत और सूक्ष्म तथा तात्विक विश्लेषण करते हुए मुख्य वक्ता कुलपति प्रोफेसर अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने कहा कि भौगोलिक परिदृश्य औपचारिक शिक्षा को अनौपचारिक शिक्षा से कैसे जोड़ा जाए और आधुनिक तकनीकी माध्यम से इसे कैसे जोड़ा जाए । इसके लिए एक सरोकार स्थापित किया जाना आवश्यक है, मूल्य शिक्षा कौशल इन सभी विषयों को इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ध्यान में रखा गया शिक्षा समान रूप से हो, व्यवस्थित हो और समाजोपयोगी हो इसलिए एक श्रेष्ठ वर्ग तैयार हो, उसमें मानवीय संवेग भी उपस्थित हो सके । वैश्विक स्तर पर शिक्षा को सुपर पावर बनाया जा सके इसलिए ज्ञान की परंपरा का आरंभ हुआ । भारतीय ज्ञान हमारे अनुवांशिकी बन गई और ज्ञान निरंतर बहने वाली परंपरा है, जिस की अकादमिक व्यवस्था है और दूसरी है परंपराएं वेदों का विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि ऋग्वेद जिसमें प्रकृति की प्रार्थना है, सृष्टि का उद्भव है, यजुर्वेद जिसमें यज्ञ की परंपराएं हैं, सामवेद जो संगीत को समर्पित है और अथर्ववेद जो भौतिक और सामाजिक परिवार की परंपराएं हैं, इन सभी का सार उपनिषदों में है पुराणों में है और किसी एक विषय का पुराणों में आद्योपांत वर्णन है । प्रमाणिकता के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा स्वयं को प्रस्तुत करती है । इस पूरे व्याख्यान में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे । आभासी पटल के माध्यम से विविध प्रदेशों के शोधार्थी, प्राध्यापक और विज्ञान उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय ने किया इस पूरे आयोजन में विश्व विद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. के. किशोर कुमार, संयोजक डॉ. एस. एस. दुबे, एनईपी समन्वयक प्रो. दिलीप मिश्रा, डॉ. रमेश यादव, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. पीयूष ठाकुर, सहित सभी प्राध्यापक गण और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे । तकनीकी सहयोग दुर्गेश मौर्य और तनिष्का शुक्ल ने दिया ।

# लंबित वेतन भुगतान हेतु कुम्हारी नगर पालिका इकाई द्वारा काली पट्टी बांध कर जताया गया विरोध

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में हमेशा की तरह ही वेतन भुगतान की समस्या बनी हुई है । वर्तमान नगरीय निकायों में वेतन भुगतान हेतु लंबित हैं । प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर न ही शासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास किया जा रहा है, न ही नगरीय निकायों द्वारा । प्रतिमाह वेतन भुगतान नहीं होने के कारण निकायों के नियमित एवं प्लसमेंट कर्मचारीगण को आर्थिक परेशानी हो रही है । कर्म चारियों के वेतन की समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आर्कषण कराया जा सके इसलिए ही दिनांक 18 जुलाई को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जताया गया । इसी क्रम में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय संघ के चरणबद्ध हड़ताल के समर्थन में कुम्हारी नगर पालिका इकाई द्वारा काली पट्टी बांधकर शांति पूर्वक विरोध जताया गया है ।

# नन्हे राजेद्र ने अपने जन्मदिन पर दशहरा मैदान पर लगाया पेड़



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नन्हें बालक राजेन्द्र ने आपने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कठिया के दशहरा मैदान पर पीपल का पेड़ लगाकर अपना जन्मदिन मनाया साथ ही पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा को सहयोग राशि भी प्रदान किया इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिन गणेश कुमार साहू सदस्यगढ़ सुंदर साहू, विनोद साहू, चम्मन निषाद,लक्ष्मी साहू, सुनील साहू, हेमा साहू ,किशन साहू उपस्थित थे वहीं पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम पेंड्री के क्रिकेट मैदान पर कदम का दो पेड़ लगाया गया जहां पर अध्यक्ष कृष्णा कुमार साहू सचिव गणेश कुमार साहू सदस्यगण लक्ष्मी साहू, अक्षय साहू, चम्मन निषाद, कृष्ण सेन,गुलाब साहू,गणेश निषाद, देवेन्द्र निषाद, योगेश ध्रुव ,देवलाल साहू, परसोत्तम साहू उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई बालोद कार्यकारिणी की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई बालोद की कार्यकारिणी बैठक 18 जुलाई को स्वामी विवेकानंद सभागार बालोद में ओंकार सिंह जी प्रांताध्यक्ष की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांताध्यक्ष ने 31जुलाई तक संगठन की सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया साथ ही प्रांत स्तर की सम्स्याओ का निराकरण करने विभागाध्यक्ष व शासन स्तर चर्चा कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित प्रांतीय उपाध्यक्ष हरि शर्मा ने पदाधिकारियों को नियमित बैठक कर शिक्षक संघ की मजबूती व राष्ट्रहित पर कार्यकरने पर बल दिया। संभागीय अध्यक्ष ने अधिकारियों के कार्य-प्रणाली पर आक्रोश जाहिर करते हुए सुधार लाने की चेतावनी देते हुए अनेक घटनाओं को उदाहरण के रूप में रखे साथ ही विभागाध्यक्ष कार्यालय में बैठे कुछ अधिकारियों का बिना नाम लिए उनके द्वारा शिक्षक हित के कार्यों पर बाधा डालने का प्रयास पर प्रकाश डाला। संगठन मंत्री वाय के दिल्लीवार ने संगठन के आगामी माह में आयोजित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की रुपरेखा रखते हुए बताया आगामी अगस्त माह में गुण्डरदेही में अभ्यास वर्ग आयोजित किया जाएगा।

पूर्व प्रांताध्यक्ष दानीराम वर्मा ने आज गुरुकुल व्यवस्था की आवश्यकता पर अपना मत प्रगट किया। उपस्थित विकास खंड के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के समयमान वेतनमान, मोन्नति, पदोन्नति एवम् माध्यमिक शिक्षा मण्डल से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराए ।कार्य म का संचालन जिला सचिव धर्मेंद्र साहू और आभार वीरेन्द्र देशमुख जिलाध्यक्ष द्वारा प्रगट किया। राष्ट्रगान के साथ कार्य म समाप्त हुआ।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई बालोद कार्यकारिणी की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





पंडर दल्ली सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा दल्ली राजहरा के क्रांति मेडिकल के संचालक क्रांति कुमार जैन के सहयोग से वार्ड नंबर दो रामनगर चौक निवासी सोनसाय को कान के सुनाई देने वाला मशीन दिया गया है ।सोनसाय एक मजदूर व्यक्ति है वह डिस्क केबल लाईन में काम करके तथा अखबार वितरण कर अपना परिवार का भरण पोषण करता है ।बहुत दिनों से कान में कम सुनाई देने की समस्या से वह पीड़ित था ।जिसके सहयोग के लिए अध्यक्ष जीवनलाल साहू हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति की ओर से क्रांति कुमार जैन से बात किया गया तथा उन्होंने सहर्ष कान की सुनाई देने की मशीन पंडर दल्ली सेवा समिति के माध्यम से सोनसाय को दिया । हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन लाल साहू ने कहा कि हमारी सेवा समिति हमेशा रचनात्मक और सहयोगात्मक कार्य करती रहती है ।इस वर्ष भी पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए शिकारी बाबा मंदिर के पास एवं क्वारी रोड पर वृक्षारोपण किया जाएगा । पिछले वर्ष सेवा समिति की ओर से 200 से ऊपर स्कूली बच्चों को स्कूली जूता, मोजा एवं 140 स्कूली बच्चों को स्कूल बैग दिया गया था ।इस वर्ष भी समिति की ओर से स्कूली बच्चों को जूता एवं मोजा दिया जाएगा ।जिसके लिए हमारे सदस्यों समिति की ओर से आसपास के स्कूलों का अवलोकन किया गया । हमारी पूरी कोशिश रहेगी की 15 अगस्त से पूर्व बच्चों को जूता और मोजा तथा एक कॉपी और पेन देने की ताकि बच्चे स्वतंत्रता दिवस में जूता मोजा पहन कर उत्साह पूर्वक सम्मिलित हो सके साथ ही उन स्कूलों में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए तथा बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए वृक्षारोपण भी किया जाएगा । इस अवसर पर सभी समिति के सदस्य मिलाप कुर्रे, रोहित कुमार साहू ,बचित्तर सिंह संधू ,भोजराम साहू , शिव प्रसाद साहू, ममता नेताम, विकास गजभिए ,सुरेंद्र कुमार एवं किशोर कराडे उपस्थित थे ।

# शराब तस्करी का मुख्य सरगना फरार आरोपी साजिद शाह गिरफ्तार

## आरोपी साजिद शाह एम.पी. की शराब को छत्तीगसगढ़ लाकर कई जगहों पर करता था खपाने का काम

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शराब तस्करी का मुख्य सरगना साजिद शाह को बेरला थाना के स्टाफ और सायबर टीम की संयुक्त प्रयास से गिरफ्तार किया गया है इस संबंध में पुलिस ने बताया कि थाना बेरला एवं सायबर टीम बेमेतरा की संयुक्त टीम को 13.02.2024 की रात्रि को अंतरराज्यीय शराब तस्करों को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई थी जिसमें आरोपीगणो के कब्जे से मध्यप्रदेश की 30 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब कीमती करीबन 165000 रू. एवं होण्डा सीटी कार क्रमांक सीजी 07 एन 6600 कीमती करीबन 200000 रू. जुमला कीमती करीबन 365000 रू. को जप्त कर आरोपीगणों विरूध्द थाना बेरला में अपराध क्रमांक 46/2024 धारा 34(2),36 आबकारी एक्ट 279 भादवि के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। शराब तस्करी का सरगना साजिद शाह घटना दिनांक से फरार था जिसकी पता तलाश बेरला पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी परंतु आरोपी साजिद शाह लगातार सकुनत से फरार चल रहा था, जिसका कोई पता नही चल रहा था। 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि साजिद शाह अपने घर आया हुआ है, मुखबीर से प्राप्त सूचना से पुलिस अधीक्षक महोदय रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.),अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योती सिंह (रा.पु.से), पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल (रा.पु.से.) को अवगत कराकर थाना बेरला से टीम रवाना होकर फरार आरोपी साजीद शाह पिता स्व. अब्दुल रहमान उम्र 57 साल साकिन वार्ड के 11 हनुमान मंदिर कोहका रोड महर्षि दयानंद स्कूल के पीछे पुलिस चौकी स्मृति नगर थाना सुपेला जिला दुर्ग के दिये पते पर पहुंचकर आरोपी के मकान में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला उ नि मयंक मिश्रा, स उ नि दीनानाथ सिन्हा, प्र आर लोकेश गौसेवक, आर खुशाल बोरकर, शिव यादव, महेश जांगड़े, वीरेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# देवलाल सिन्हा को सर्व सम्मति से चुना गया जिला मानस संघ का अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आदर्श सतसंग आश्रम मटका में जिला मानस संघ के तत्वावधान में आवश्यक बैठक आहुत किया गया जिसमे जिले के समस्त तहसील से पदाधिकारी एवम मानस पथिक सम्मिलित हुए बैठक में जिले के मानस की गतिविधि एवम मजबूती के लिए ग्राम हसदा निवासी देवलाल सिन्हा को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया जिससे पूरे जिले के मानस जगत में हर्ष की माहौल है विदित हो की देवलाल सिन्हा के नेतृत्व में पिछले वर्ष आदर्श ग्राम पीपरभट्ठा में मानस दर्शन जीवन अर्पण के बैनर तले धाम अयोध्या से अंतर्राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता दीदी मां मंदाकिनी का राम कथा आयोजित किया गया था दी दी मां के बेमेतरा आगमन पर जिला के मानस क्षेत्र में एक क्रांति का माहौल देखा जा सकता है ।

## देवलाल सिन्हा का अध्यक्ष चुना जाना मानस एकता का प्रतिक है

बैठक में तहसील मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष के रूप में बिहारी लाल यादव तहसील मानस संघ नवागढ़ के रूप में महेश साहू को चुना गया वही राजकुमार ताम्रकार, शिव साहू, राजेश वैष्णव, महेंद्र चौहान, मेहतरू ध्रुव, माधव राम साहू सेवानिवृत तहसीलदार , उत्तरा साहू, ,चंदू साहू को संरक्षक का दायित्व दिया गया आदरणीय शिव साहू द्वारा गठन के पश्चात संघ को 11000 रू की दान राशि भेट किया गया जुड़े हुए मानस पुरोधा ने जिले की नवोदित व्याख्या कारो एवम संगीत कारो के आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसे कार्यशाला का नाम दिया गया उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से अशोक मिश्रा मटका, ठोके लाल देवांगन कुसमी, रामा साहू लेंजवारा, रीझन सेन बेमेतरा, गोविंद जयसवाल, संतोष शर्मा, ,नारायण निषाद, महेंद्र चौहान के अलावा संघ के कोषाध्यक्ष छगन साहू माखन साहू, उत्तम साहू, विष्णु साहू ,लखन वर्मा, लक्ष्मण चौहान ,डा ओंकार चंद्राकर जी ,सतिश यदु ,धर्मेंद्र साहू , भारत साहू, सुरेश रावत ,नोहर दास मानिकपुरी, बसंत साहू,नारायण निषाद, उमाशंकर वर्मा ,नरेंद्र जयसवाल, भीखम देवांगन, रामकुमार साहू, गोपाल धीवर, पूनम सिंह चौहान, तेखन जी, पोषण साहू ,ओम यदु ,गुमान साहू ,सुरेश रावत, अजय यादव, सनत कुमार साहू ,गनपत अंधियार, बसत वर्मा ,संत राम साहू, गणेश राम , अश्वनी साहू, बंशी सिंह ठाकुर, के अलावा बड़ी संख्या में मानस पथिक उपस्थित थे । यह जानकारी विष्णु साहू ने दिया।

# सार्वजानिक क्षेत्र एवं व्यवसायिक केंद्रों द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिक बेमेतरा सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगरीय प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नगरीय निकाय अंतर्गत वार्ड 13 सिंघोरी, वार्ड 21 कबीरकुटी के कमणिकंचन केंद्र में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन को बताते हुए कहा की ठोस अपशिष्ट को उचित तरीके से संग्रहित और निपटान करने के लिए कचरे के वर्गीकरण, पुनर्चक्रण, और सुरक्षित निपटान की प्रक्रियाओं का पालन करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे को अलग-अलग किया जाए और उचित तरीके से निपटाया जाए। तरल अपशिष्ट के सही प्रबंधन के लिए कलेक्टर ने जल शोधन संयंत्रों की नियमित देखरेख और संचालन की सख्ती से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अपशिष्ट जल का उपचार सही तरीके से किया जाए ताकि वह पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए। कलेक्टर ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का पालन करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों द्वारा कचरा गीला एवं सूखा अलग करने की समझाइश दी गई, और नगर वासियों अपील करने को कहा की कचरे को अलग-अलग हरा नीला डब्बा कचरे को अलग कर दे, जिससे मणि कंचन केंद्र में करने वाले हमारे स्वच्छता दीदियों को कचरे को पृथक करने में कष्ट ना हो। उन्होंने कर्मचारियों को उचित सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराने और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसाधारण को अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए अभियानों और कार्यशालाओं का आयोजन करने की आवश्यकता पर बल दिया एवं आम जनता को जागरूक करने के साथ ही दुकानदार द्वारा गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना भी लगाने की बात कही। उन्होंने नागरिकों को कचरे के सही निपटान और पुनर्चक्रण के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के निर्देश दिए। इन सभी निर्देशों का उद्देश्य नगरीय निकाय के मणिकंचन केंद्र को एक उदाहरणीय अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाना था, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मणिकंचन केंद्र में कार्यरत महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने महिलाओं की कामकाजी परिस्थितियों, उनके अनुभव, और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उनकी कठिनाइयों और समस्याओं को समझा और उन्हें आवश्यक सहायता और समर्थन देने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने कार्यस्थल की स्वच्छता, सुरक्षा, और सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महिलाओं से उनके वेतन, बोनस, और अन्य लाभों के बारे में पूछा और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें उचित भुगतान और लाभ मिल रहे हैं। कलेक्टर ने महिलाओं को उनके कार्य कौशल को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों और अवसरों के बारे में जागरूक किया। कलेक्टर की इस पहल से महिलाओं में उत्साह और विश्वास बढ़ा और उन्होंने अपनी समस्याओं और अनुभवों को खुलकर साझा किया।

# रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रायल की नयी कार्यकारिणी ने ली शपथ, आशीष महमिया ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रायल की वर्ष 24-25 की कार्यकारिणी के अध्यक्ष आशीष महमिया, सचिव अंकित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष आशीष अरोरा ने होटल श्रेष्ठ में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में जनसेवा की प्रतिबद्धता की शपथ ली। डी.जी.ई. अमित जायसवाल के मुख्य आतिथ्य और पी.डी.जी शशांक रस्तोगी के अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ शशांक रस्तोगी ने ही दिलायी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलन से हुआ। उसके पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा भारत का राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात पिछले कार्यकाल के दौरान पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें सम्मानित किया गया। उसके बाद नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ अधिकारी शशांक रस्तोगी ने जनसेवा हमारा मूल के धेय से शपथ दिलायी। उसके पश्चात् पदाधिकारियों सहित अतिथियों द्वारा सभा को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में सफल मंच संचालन राहुल अग्रवाल और संदीप अग्रवाल द्वारा किया गया।



**इनका हुआ सम्मान**-रोटे. आशीष महमिया, रोटे. नारायण अग्रवाल, रोटे. पंकज गोयल, रोटे. अशोक गर्ग, रोटे. मनीष अग्रवाल, रोटे. योगेन्द्र वर्मा, रोटे. आशीष अरोरा, रोटे. सुशील रामदास अग्रवाल, रोटे. डॉ. मनीष बेरीवाल, रोटे. राहुल अग्रवाल, रोटे. ज्योति महमिया, रोटे. संदीप अग्रवाल, रोटे. अमित अग्रवाल, रोटे. मयंक केडिया रोटे. मनोज अग्रवाल, रोटे. संतोष अग्रवाल, रोटे. विजय अग्रवाल एन.आर., रोटे. उर्मिला मोदी, रोटे. कविता सुशील रामदास, रोटे. पूनम अरोरा, रोटे. गौरव अग्रवाल, रोटे. अजय जिंदल, रोटे. अंकित अग्रवाल व शिल्की अग्रवाल, रोटे. मुकेश अग्रवाल, रोटे. रितेश अग्रवाल, रोटे. प्रेम लता अग्रवाल, गरिमा गोयल, मंजू अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, रोटे. सूर्यकांत अग्रवाल व शीतल अग्रवाल, रोटे. मनीष अग्रवाल व श्रीमती पूजा अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल आदि को विभिन्न उत्कृष्ट जनसेवा के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें विजय अग्रवाल एन.आर. को रायल रोटेरियन ऑफ द इयर के लिए व सुशील रामदास को स्टार रोटेरियन ऑफ द इयर के लिए तथा संतोष अग्रवाल को उत्कृष्ट सचिव एवं उत्कृष्ट उपाध्यक्ष के लिए संदीप अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

**नगर नौ प्रतिष्ठित लोगों ने रोटरी क्लब ऑफ रॉयल की ली सदस्यता**-नगर के नौ प्रतिष्ठित समाजसेवी विश्व की श्रेष्ठतम् समाज सेवी संस्थान रोटरी क्लब के कार्यों से प्रभावित होकर की सदस्यता ली। जिसमें प्रेमलता विजय अग्रवाल (एन.आर) और सर्वश्री अंकित अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, शक्ति अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि सम्मिलित हैं।

**पदाधिकारियों और अतिथियों के दिए गए संबोधन का सार**-कार्यक्रम में सर्व प्रथम नए अध्यक्ष आशीष महमिया ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी के सहयोग से हमारे कार्यकाल का आरंभ स्थायी सेवा माता बंजारी मंदिर के शेड से हुआ और आगे आप सभी के सहयोग से विशाल आई चेकप कैंप लगाने की योजना हमने बनाई है। उसके पश्चात् पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गत कई वर्षों की भांति पिछला कार्यकाल आप सभी सदस्यों और पदाधिकारियों के सहयोग से ऐतिहासिक रहा है। आशा है कि हम इसी प्रकार से आगे भी जनसेवा में पूरी तन्मयता से योगदान देते रहेंगे।

# मालखरौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत औरदा एवं डोंगिया के बीच बने पुल पुरी तरह क्षतिग्रस्त, हादसे को नेवता दे रहा है यह पुल

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ती जिला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आंड़िल मुख्य मार्ग से नौरंगपुर, औरदा, डोंगिया तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य प्रारंभ की तिथि 12 मई 2020 से पुर्ण होने की संभावित तिथि 10 सितंबर 2021 थी इस सड़क के लिए कुल स्वीकृत राशि 42,.70 लाख है सड़क को ठेकेदार संजय कुमार केडिया बाराद्वार के द्वारा बनवाया गया। जिसमे ठेकेदार द्वारा 5 वर्ष की गारंटी दी गई थी इस रोड मे औरदा एवं डोंगिया अमरैईया के बीच मे बने पुल पुरी तरह अंदर से टुट चुका है साथ ही इतना कमजोर एव पतला ढलाई हुआ है जिसमे कोई भारी वाहन भी नही चलता है लेकिन बहुत जल्दी यह पुल टुटने के कगार मे है। यह पुल पुरी तरह अंदर से खोखला हो चुका है ,कभी भी कोई बड़ा हादसा होने कि आशंका है। इसी आशंका से वहां पर सड़क मे मिट्टी




डालि गई है एवं सड़क के आधे हिस्से में ईटे का दिवाल खड़ा किया गया है ताकि कोई लोड़ गाड़ी उस पर न गुजरे किन्तु कभी भी बड़ा हादसा होने कि आशंका है । इस पुल में कहीं भी पाया दिखाई नहीं देने से कभी भी बरसात में यह पुल धराशाई हो जाएगा जबकि लाखों रुपए से इस पुल का निर्माण होना बताया जा रहा है। सूत्रों ने यह भी जानकारी दी की अंदर से पूरी तरह से खोखला हो चुका है ठेकेदार द्वारा जम कर राशि का गबन किया है । इस राह में कोई भी फोर व्हीलर वाहन नहीं चलती। यदि कोई फोर व्हीलर अचानक इस मार्ग से गुजरेगी तो वह पुल के नीचे दिखाई पड़ेगा इतना घटिया निर्माण ठेकेदार के द्वारा राशि हडपनै के लिए ऐसा पुल का निर्माण किया है जो कभी भी धराशाई हो सकता है।

# जैजैपुर पुलिस की कार्यवाही, 50 पाव अवैध देशी प्लेन शराब परिवहन करते 01 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक महोदया अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया रमा पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवम तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में 16.07.2024 को मुखबिर सूचना पर ग्राम जैजैपुर नहर पुल के पास जैजैपुर में अवैध देशी प्लेन शराब रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी गोलू कुमार बर्मन पिता राजेंद्र कुमार बर्मन उम्र 24 साल ग्राम बेलाडुला थाना जैजैपुर के द्वारा अपने मोटर साइकिल प्लेटिना क्रमांक C. G. 11 A. Z. 3549 में टंकी के सामने 02




सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी अंदर अवैध 50 पाव देशी प्लेन शराब जुमला 9 बल्क लीटर शराब कीमती 4500/- रूपये को परिवहन करते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 16.07.2024 के 21: 20 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में प्र. आर.शंकर सिंह राज, आर. गोविंद पटेल, ज्वाला नेताम , यादराम चंद्रा, दिनेश पटेल, का सराहनीय योगदान रहा।

# शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 18 लीटर महुआ शराब और मोटर सायकल जप्त

## मुखबिर सूचना पर जूटमिल पुलिस ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक मोटर सायकल एचएफडिलक्स में ग्राम तरकेला की ओर से धनागर अवैध शराब बिक्री के लेकर आ रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चैधरी के हमराह स्टाफ कार्यवाही धनागर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा तरकेला रोड में धनागर - बनसिया तिराहा के पास घेराबंदी कर हीरो एच.एफडिलक्स मोटर सायकल पर शराब परिवहन कर रहे व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ पर व्यक्ति ने नाम लेलिन संजय लहरे ऊर्फ संजु पिता स्व.



रंजीत सिंह लहरे उम्र 36 वर्ष सा. ग्राम धनागर थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से पुलिस ने 03 नग प्लास्टिक पॉलीथीन में भरा हुआ 6-6 लीटर कुल 18 लीटर महुआ शराब किमती 2400 रूपये तथा घटना मे प्रयुक्त हीरो एच. एफडिलक्स एवं हीरो एच.एफडिलक्स को जप्त कर आरोपी के कृत्य पर थाना जूटमिल में धारा 3492),59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चैधरी, आरक्षक शशिभूषण साहू और लखेश्वर पुरसेठ शामिल थे।

# झीटीपाली में मादा हाथी ने बच्चे को दिया जन्म

## एक दर्जन से अधिक गांव में दहशत का माहौल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के जंगलों में बीते कई सालों से जंगली हाथियों का विचरण है। ऐसे में आज की स्थिति में कई ऐसे है जहां हाथियों से गांव के ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। इन दिनों रायगढ़ वन परिक्षेत्र के खरसिया वन परिक्षेत्र के झीटीपाली गांव में मादा हाथी के द्वारा एक बच्चे को जन्म देने के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इस क्षेत्र में सुबह व शाम हाथी के चिंघाड से गांव के ग्रामीण सहमे हुए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झीटीपाली में बीत सप्ताह भर से अधिक पहले एक मादा हाथी ने एक बच्चे को जन्म दिया है। जिसके बाद से इस क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। गांव के ग्रामीणों का कहना था कि इससे पहले जंगली हाथी कभी कभार उनके गांव में आते थे पिछले सप्ताह भर पहले मादा हाथी के द्वारा उनके क्षेत्र में एक हाथी के बच्चे को जन्म देने के बाद सुबह व शाम गांव में हाथी के चिंघाड से पूरा क्षेत्र गूंजने लगा है। यहां तक की झीटीपाली सहित आसपास के एक दर्जन से भी अधिक गांव के ग्रामीण इस मार्ग से गुजरने से भी डरने लगे हैं।खरसिया क्षेत्र के गांव में मादा हाथी के द्वारा एक बच्चे को जन्म देने के बाद से वन विभाग के कर्मचारी भी लगातार हाथियों के मूवमेंट पर नजर बनाये हुए हैं और गांव के ग्रामीणों को इस क्षेत्र से आवागमन करने के दौरान सावधानी बरतने की अपील भी की जाती है।

# लूटपाट में शामिल अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा

## आरोपी से लूट की 02 मोबाइल जप्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया पुलिस द्वारा 15 जुलाई को नवरंगपुर चैक के पास दो युवकों से मोबाइल और रूपयों की लूटपाट करने वाले 03 आरोपियों को पकड़ा गया जिनका एक साथ फरार था जिसे खरसिया पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया, जिनसे लूट की 02 मोबाइल बरामद की गई हैं। आरोपी को खरसिया पुलिस द्वारा किशोर न्यायालय रायगढ़ पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक 15 जुलाई को ग्राम कुकरीचोली का रोहित राठिया (उम्र 34 वर्ष) अपने चचेरे भाई भोला राम राठिया के साथ मोटर सायकल पर धान बीज व आधार कार्ड लेने मदनपुर खरसिया जा रहा था, दोपहर करीब 12/00 बजे नवरंगपुर चैक ग्राम गुरदा में एक स्कूटी व एक मोटर सायकल ब्क् डिलक्स में चार लड़के इनसे मारपीट कर इनकी 02 मोबाइल और नकद 6000 रूपये को लुट कर भाग गये। थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों पर अपराध धारा 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया। शीघ्र ही खरसिया पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर हमलापारा खरसिया के हरिओम वर्मा, मुकेश यादव और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया जिनसे लूट में प्रयुक्त मोटर सायकल, स्कूटी और 2500 रूपये की जप्ती की गई थी। लूट में शामिल इनका साथी (नाबालिग बालक) फरार था जिसे आज अभिरक्षा में लिया गया। विधि के साथ संघर्षरत बालक से प्रार्थी रोहित राठिया और भोला राम राठिया की लूट हुई 02 मोबाइल को जप्त कर पुलिस ने आरोपित को किशोर न्यायालय रायगढ़ पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है।

# रोड किनारे खड़ी हाइवा से बैटरी चुराने वाले आरोपी को खरसिया पुलिस ने पकड़ा

- आरोपी से चोरी की बैटरी बरामद, पुलिस ने आरोपी को कोर्ट पेश कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रानी सागर खरसिया में रहने वाले अमित कुमार पांडे (उम्र 26 साल) मूल निवास-चिल्हकी, औरंगाबाद (बिहार) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि रानी सागर के पुराना रोड़ में अपनी हाईवा वाहन क्रमांक ओडी-09 पी 1015 को खड़ी किया था। 16 जुलाई के शाम देखा तो हाईवा की एक बैटरी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। बैटरी चोरी के रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू द्वारा अपने मुखबीरों को सक्रिय कर



सूचना देने निर्देशित किये, शीघ्र ही मुखबिर द्वारा महुआपाली में रहने वाले कृष्णा सोनवानी पर बैटरी चोरी का संदेह व्यक्त किया जिसे तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा चाहत ढाबा के पास हिरासत में ली। संदेही से बैटरी चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर बैटरी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी गई ैथ् बैटरी कीमती करीब 11,000 रुपए का जप्त किया गया तथा आरोपी कृष्णा सोनवानी पिता छोटकू सोनवानी उम्र 26 साल निवासी महुआपाली भाटापारा थाना खरसिया जिला रायगढ़ को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर खरसिया पुलिस द्वारा आरोपित को जेल दाखिल किया गया है।

# रथोउत्सव मेला देखकर घर लौट रही महिला को बाईक चालक ने मारी जोरदार टक्कर

- **महिला की मौत, एक युवक भी हुआ घायल, आक्रोशित गांव के ग्रामीणों ने किया चक्काजाम**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रथ देखकर घर लौट रही महिला को एक बाईक चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में महिला की मौत हो गई वहीं एक युवक घायल हो गया जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला कापू थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंबेडकर चैक के पास मंगलवार की रात करीब 8 बजे पत्थलगांव से धरमजयगढ़ की ओर जा रहे बाईक चालक राजेश टंडन के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए महिला कविता गोरे पति



डोमन गोरे 26 साल निवासी माझा पारा कापू को जोरदार ठोकर मार दी। साथ ही साथ एक अन्य युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक और महिला को उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है जहां मौजूद डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया वहीं युवक का उपचार जारी है। सड़क हादसे में महिला की मौत हो जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बुधवार की सुबह कदम चैक में ही सड़क में महिला का शव रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया जिससे इस मार्ग मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही कापू पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश देते हुए चक्काजाम समाप्त करने के लिये कहा गया परंतु ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे।

**रथ यात्रा देखकर लौट रही थी महिला**-गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कल कापू में रथ उत्सव मेला का आयोजन हुआ था महिला कविता गोरे रथ देखकर घर लौट रही थी इसी बीच रात करीब 8 बजे के आसपास यह घटना घटित हो गया जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

**मुआवजे के बाद खुला चक्काजाम**-चक्काजाम की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रूपये दिये जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त किया। तब जाकर इस मार्ग में वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

# पुलिस के हाथ आया उठाईगिरी का आरोपी घटना के बाद कोलकता हुआ था फरार

- **शादी स्टेज पर भेंट किये गये लिफाफा और जेवरातों से भरे बैग की किया था उठाईगिरी,**
- **आरोपी से सोने की अंगूठी, नकदी रकम बरामद, चोरी के अपराध में पुलिस ने भेजा जेल**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीते दिनों अंश होटल में हुई उठाईगिरी मामले में कोतवाली पुलिस के हाथ सफलता लगी है । 14 जुलाई को अंश होटल रायगढ़ में शादी समारोह के स्टेज के पास वर वधु को दिए गए लिफाफे और गिफ्ट भरे लेडीज पर्स को उठाकर अज्ञात युवक रफूचक्कर हो गया था । घटना को लेकर अखिलेश मिश्रा निवासी बोईरदादर बिनोबा नगर द्वारा 15 जुलाई को थाना कोतवाली में उठाईगिरी (चोरी) की रिपोर्ट दर्ज कराया गया । थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 430/2024 धारा 303(2) बीएनएस के तहत



अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उठाईगिरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, साइबर सेल व कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल जाकर घटना की तस्दीकी किया गया एवं सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये जिसमें संदिग्ध की तस्वीर प्राप्त हुई जिस संबंध में शादी में आये मेहमानों और होटल स्टाफ से पूछताछ किया गया जिसमें संदिग्ध के अजय कैटरिंग में काम करने वाले वेटर- शेख अकबर उर्फ बुद्धन के होने की जानकारी मिली । तत्काल पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्टाफ लगाया गया जो ट्रेन से कोलकाता फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा कोलकाता में दबिश दिया गया, आरोपी उसके परिचित से मिलकर वापस रायगढ़ के लिये निकल चुका था, आरोपी का पीछा करते हुये पुलिस टीम रायगढ़ आयी और आरोपी को आज ढिमरापुर रायगढ़ के पास हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी ने अपने मेमोरेंडम पर घटना दिनांक को उठाईगिरी करना स्वीकार किया है । आरोपी के मेमोरेंडम पर सोने की अंगूठी कीमती करीब 15,000 एवं नदी रकम 9200 कुल 24,200 बरामद किया गया है । आरोपी के खिलाफपुख्ता साक्ष्य संकलन कर पुलिस ने आज आरोपी शेख अकबर उर्फबुद्धन पिता स्वर्गीय शेख कादिर उम्र 32 साल निवासी वार्ड क्रमांक 39 तिलजला रोड कोलकाता को चोरी अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 970/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 11/07/2024

आवेदिका चन्द्रिका कुमार पति अदीप कुमार निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 719/8 रकबा 0.0100 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 26/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली**

**न्यायालय उप तहसील पटेवा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक ब-121/2023-24
ग्राम-छपोराडीह प.ह.न. 08
रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी छपोराडीह को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नारायण पटेल पिता बैसाखु राम जाति मरार निवासी ग्राम छपोराडीह प.ह.नं. 08 ने ग्राम छपोराडीह प.ह.नं.08 रा.नि.मं. सिरपुर तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा अपने बेटी कंचन पटेल का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हलफनामा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आवेदक के बेटी का जन्म दिनांक 05/10/1980 को होना दर्शाया गया है तथा आवेदक द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर दावा हो तो वह पेशी दिनांक 23/07/2024 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधी पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी पटेवा, जि.-महासमुंद**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 965/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 16/07/2024

आवेदिका लक्ष्मी गुप्ता पति नरेश गुप्ता निवासी ग्राम पोस्ट आफिस के पास सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 443/10 रकबा 0.0134 हैं. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 31/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 965/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 16/07/2024

आवेदिका कल्पना जोगी पति कमलेश जोगी निवासी ग्राम रानी सागर गली सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 443/12 रकबा 0.0265 हैं. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 31/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली**

# न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष सी.बी.बाजपेयी पहुंचे बलौदाबाजार

## महकोनी स्थित अमर गुफा का भी किया निरीक्षण







पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार/लवन
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर शुरू हो गई। घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी बी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे.उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचे वह अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखकर अपर कलेक्टर को तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। बाजपेयी ने कहा कि अभी तो हम यहां व्यवस्था देखने आए हैं. बलौदाबाजार में ही जांच आयोग बैठेगी. सभी पक्षों से शपथ पत्र में जानकारी लेंगे। इसके बाद प्रति परीक्षण और बयान की कार्रवाई आगे होगी इसके साथ न्यायालय परिसर का भी चिन्हाकन किया जाएगा। इसके बाद बाजपेयी इसके बाद ग्राम वह महकोनी स्थित अमर गुफा में स्थित घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बलौदाबाजार पीठ की सुनवाई होगी इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। जिसमें कक्ष क्रमांक 1 न्यायमूर्ति सी.बी. बाजपेयी, सेवानृत्ति न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर, 2 न्यायालयीन उपयोग हेतु एवं 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफहेतु आबंटित किया गया है।

# आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अन्तर्गत आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने 12 से 14 जुलाई 2024 तक कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में डीएसटी-एसईआरबी द्वारा प्रायोजित और आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग द्वारा तकनीकी रूप से सह-प्रायोजित संचार और कंप्यूटिंग पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय विश्व सम्मेलन 2024 का आयोजन किया। सम्मेलन में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी से संबंधित अत्याधुनिक और उभरते विषयों को लक्षित किया गया। इसने इंटेलिजेंट सिस्टम पर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी रणनीतियाँ भी विकसित कीं। इस विश्व सम्मेलन का उद्देश्य शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के व्यक्ति यों और छात्रों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में वर्तमान प्रवृत्ति और रणनीतियों के बारे में विचारों, अनुभव



और विशेषज्ञता के साथ चर्चा करने और ज्ञान के आदान-प्रदान करने के अवसर प्रदान करना था। प्रोफेसर जी.एस.तोमर, अध्यक्ष, आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग इस कार्य म के मुख्य अतिथि थे और बाला प्रसाद पेडिगरी, मुख्य नवाचार अधिकारी और वैश्विक प्रमुख - प्रौद्योगिकी सलाहकार सेवाएं, प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और सेवा व्यवसाय समूह, टीसीएस मुख्य वक्त। थे। आयोजन उद्घाटन के दौरान डॉ. आर श्रीधर, कुलपति- कलिंगा विश्वविद्यालय ने नई उन्नत प्रौद्योगिकियों को समझने के लिए इस तरह के सम्मेलनों के आयोजन को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान आईईईई डब्ल्यूसीओएनएफ2024 के तकनीकी कार्य म अध्यक्ष डॉ. हरीश पाटिल, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, कॉर्पोरेट संबंध निदेशक श्री पंकज तिवारी, डीन, विभागाध्यक्ष, कलिंगा विश्वविद्यालय के कर्मचारी और छात्र तथा प्रतिभागी (ऑनलाइन और ऑफलाइन) उपस्थित थे। डॉ. अनु जी पिल्लई, सहायक प्रोफेसर और आईक्यूएसी समन्वयक, कलिंगा विश्वविद्यालय समारोह के संचालिका थी । कलिंगा विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक और सम्मेलन की संयोजक डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर ने उद्घाटन के दौरान सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा 'सम्मेलन में विश्व के विभिन्न भागों से 2,231 पेपर प्राप्त हुए, जिनमें से समीक्षकों द्वारा समीक्षा के पश्चात् 262 उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्रों प्रस्तुतिकरण के लिए चुना गया।

# भगवान जगन्नाथ के बाहुदा यात्रा में सपरिवार शामिल सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



लिली चौक (रायपुर) में भगवान जगन्नाथ जी का बाहुदायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल सपरिवार शामिल हुए साथ ही उन्होंने प्रभु से समस्त छत्तीसगढ़ के वासियों की सुख और समृद्धि की प्रार्थना की और उनसे आशीर्वाद लिया! इस अवसर पर पंडित संजय जोशी, सचिन शर्मा एवं मोहल्लेवासी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट आगजनी घटना में शामिल शिक्षक मोहन बंजारे निलंबित

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



विगत 10 जून को संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी के अभियुक्त शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मोहन बंजारे व्याख्याता (एल.बी.) के रूप में शा.उ.मा.वि गोड़ा विकासखण्ड पलारी में पदस्थ थे। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध कमांक 381/2024 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) (क) के तहत किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# जोन 9 स्वास्थ्य विभाग ने भुपाल व भारती डेयरी पर कुल 15000 रू. जुर्माना कर शीघ्र स्वत: निगम सीमा से बाहर शिफ्ट होने निर्देश दिये

## पंजाब केसरी भवन पर गंदगी फैलाने पर 5000 रू. जुर्माना किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन 9 जोन कमिष्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू , स्वच्छता निरीक्षक महेन्द्र कलिहारी भोला तिवारी की उपस्थिति में अभियान चलाकर गंदगी फैलाने वाले 3 संस्थानों से कुल 20000 रू. जुर्माना वसूला गया एवं उन्हें भविष्य के लिये कडी चेतावनी दी गई। नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन क्षेत्र में फुण्डहर में पंजाब केसरी भवन में गंदगी व कचरा फैलाये जाने पर संचालक पंजाब केसरी भवन पर 5000 रू. का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिये चेतावनी देते हुए किया गया। इसी प्रकार आवासीय क्षेत्र में संचालित भुपाल डेयरी के संचालक पर 10000 रू. एवं भारती डेयरी के संचालक पर 5000 रू. का जुर्माना उन्हें शीघ्र स्वतः अपनी डेयरी निगम सीमा के बाहर षिफ्ट करने के निर्देश देकर वसूला गया। जोन 9 स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित डेयरी संचालको को शीघ्र स्वतः डेयरी निगम सीमा के बाहर शिफ्ट न करने पर मवेशियों की जप्ती कर डेयरी को सीलबंद करने की चेतावनी दी गई।

# मैट्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने विदाई समारोह का आयोजन किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

17 जुलाई को मैट्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफफैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव, प्रो वाइस चांसलर डॉ. दीपिका ढांड, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने किया। दोपहर करीब 2:00 बजे पॉप कल्चर थीम के साथ समारोह की शुरुआत हुई। इसमें जूनियर्स द्वारा सीनियर्स के लिए क्विज़ और म्यूजिकल चेयर जैसे मजेदार खेल आयोजित किए गए। बाद में, अंतिम वर्ष के छात्रों ने संस्थान में अपनी यात्रा के बारे में अपने अनुभव और राय साझा की। विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने सभी छात्रों को बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया और अपने प्रेरक भाषण से छात्रों को भविष्य के प्रयासों के लिए तैयार होने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों, खेलों और उपहारों के आदान-प्रदान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, Mr. तरनजीत सिंह बग्गा को मिस्टर फेयरवेल और मिस रितिका बेहरा को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस इवनिंग का खिताब प्रभा बरिहा को दिया गया। मिस ब्यूटीफुल का खिताब सुरुचि राय को दिया गया। मिस एंटरटेनर का खिताब गरिमा साहू को दिया गया। विदाई पार्टी का समापन रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा द्वारा छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाओं के साथ सफलतापूर्वक हुआ।

# भारती एयरटेल फाउंडेशन ने भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम लॉन्च किया

bharti

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन अपने 25 साल पूरे होने के उपलक्ष में, भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम लांच कर रही है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों की योग्यता और उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि दोनों को ध्यान में रखते हुए, आईआईटी सहित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के मानकों के अनुसार शीर्ष स्तरीय रैंकिंग प्राप्त 50 (इंजीनियरिंग) कॉलेजों में, प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग के स्नातक स्तरीय और एकीकृत कार्यक्रमों (5 वर्ष तक) में भागीदारी करने वाली में लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के योग्य विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह अगस्त 2024 में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों पर लागू होगा। इस वर्ष 250 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के साथ से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को, विद्यार्थियों के ऐसे प्रत्येक समूह में इसका सफल कार्यान्वयन होने पर भविष्य में इससे लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या को धीरे-धीरे बढ़ाने का उद्देश्य रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम के चरम पर पहुंचने पर प्रति वर्ष 100+ करोड़ के परिव्यय के साथ इसके माध्यम से 4,000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# GRR के लिए हो जाइए तैयार क्योंकि रोडस्टर्स फिर से हुए रियल

## आ गई रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विसरल रिस्पॉन्सिवनेस, रॉ इंस्टिंक्ट, और प्योर इंट्यूशन के लिए बनी, ऑल न्यू रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450 एक प्रीमियम आधुनिक रोडस्टर है, जो डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' के साथ सबसे अलग और अजेय ऑल-रोडस्टर है। शेरपा 450 प्लेटफॉर्म पर निर्मित, गरिल्ला में एक शक्तिशाली इंजन, गतिशील चेसिस और विभिन्न राइडिंग मोड्स हैं। भिन्न-भिन्न रेव रेंज में यह 40PS और 40Nm के साथ, गरिल्ला 450 एक बोल्ड और जोशीली रोडस्टर है। भारत और यूरोप में इसकी बुकिंग शुरू हो गई है। भारत में इसका शुरुआती मूल्य 2,39,000 रुपये (एक्स-शोरूम)



है और इसकी टेस्ट राइड एवं रिटेल बिक्री 1 अगस्त से शुरू होगी। यूके में इसका मूल्य 4,850 MSRP और जर्मनी में 5,290 MSRP है, यूरोप में रिटेल बिक्री अगस्त के मध्य में शुरू होगी। रॉयल एनफील्ड ने अपना प्रीमियम आधुनिक रोडस्टर - रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450 लॉन्च किया, जो रोडस्टर्स और सड़कों को हमेशा के लिए बदल देगा। यह मोटरसाइकिल विश्व को एहसास कराएगी कि रोडस्टर वास्तव में क्या होते हैं ।

# सैमसंग ने भारत में फोल्ड6 और फ्लिप-6 स्मार्टफोन लॉन्च किये

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत में अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन - गैलेक्सी फोल्ड6 और फ्लिप6 के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। ये स्मार्टफोन्स गैलेक्सी एआई के अगले अध्याय की शुरुआत करेंगे। नया गैलेक्सी फोल्ड6 और फ्लिप-6 गैलेक्सी एआई को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को मोबाइल का अनूठा अनुभव मिलेगा। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, सैमसंग अपनी छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन- गैलेक्सी फोल्ड-6 और फ्लिप6 के साथ गैलेक्सी एआई के अगले अध्याय की शुरुआत करके खुश हैं। नए स्मार्टफोन कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी में शानदार मोबाइल अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। एआई-आधारित कनेक्टेड गैलेक्सी इकोसिस्टम के साथ, हमारे नए प्रोडक्ट आपको सशक्त बनाएंगे और आपके जीवन को बेहतर बनाएंगे। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गैलेक्सी फोल्ड6 और फ्लिप6 दोनों का उत्पादन हमारी नोएडा फैक्ट्री में किया गया है। गैलेक्सी फोल्ड6 और फ्लिप6 की प्री-बुकिंग 10 जुलाई से सभी प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर पर शुरू हो गई है। उपभोक्ता आज से ही httpsÑ//www.samsung.com/in/live-offers/ पर सैमसंग लाइव पर भी प्री-बुकिंग करा सकते हैं।

# ऑनर ने भारत में ऑनर 200 सीरीज लॉन्च की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



ऑनर ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ऑनर 200 सीरीज़ लॉन्च की। यह इसकी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज़ में सबसे नया लॉन्च है। इस सीरीज़ में ऑनर 200 प्रो 5जी और ऑनर 200 5जी हैं, जो पॉवर और क्रिएटिविटी के दायरे बढ़ाकर ग्राहकों को अत्याधुनिक एआई पॉवर्ड पोर्ट्रेट क्षमताएं, आकर्षक डिस्प्ले, मजबूत हार्डवेयर परफॉर्मेंस, और इन्ट्यूटिव यूज़र केंद्रित एआई अनुभव प्रदान करेंगे। ऑनर 200 प्रो 5-जी दो खूबसूरत रंगों-ओशन स्यान और ब्लैक में 57,999 रुपये में 20 जुलाई अर्द्धरात्रि 12 बजे से अमेज़न.इन पर, ब्रांड की वेबसाईट e&plore-honor.com पर और आपके नजदीकी मेनलाइन रिटेल स्टोर्स पर मिलना शुरू होगा। अमेज़न प्राइम डेज यानी 20 और 21 जुलाई को यह स्मार्टफोन खरीदने वाले सभी ग्राहकों को 8000 रुपये की तत्काल छूट मिलेगी। आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर 3000 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इसके अलावा ग्राहकों को कुछ चुनिंदा मेनलाइन स्टोर्स में 8,499 रुपये मूल्य के मुफ़्त ऑनर उपहार मिलेंगे या इसके बदले 2000 रुपये की तत्काल कूपन छूट दी जाएगी। ऑनर 200 5जी भी दो रंगों के विकल्पों - मूनलाईट व्हाईट और ब्लैक में उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट्स में मिलेगा। इसके 12जीबी+512जीबी वैरिएंट का मूल्य 39,999 रुपये और 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का मूल्य 34,999 रुपये होगा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

क्रमांक/लो.क.वि./2024/642 रिसाली दिनाँक 15/07/2024

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से ई-निविदा क्रं. 155960, एवं 156147 (4th call) आमंत्रित की जाती है।

**(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा)**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**


# मचेवा में माता पहुँचनी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ शीतला मंदिर प्रांगण में उत्साह के साथ जुड़वास (माता पहुँचनी) मनाया गया। शीतला मंदिर समिति द्वारा सर्वप्रथम माँ शीतला का विशेष श्रृंगार फूल व गहनों से किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में विराजित हनुमान जी की भव्य प्रतिमाओं को आकर्षक रुप से सजाया गया। मंदिर के पुजारी गणेशु ध्रुव द्वारा माँ शीतला का हल्दी, दूध, गंगाजल से अभिषेक कर विधि विधान के भव्य आरती किया गया। श्रद्धालुओं ने माता शीतला को चना दाल और खीर-पुड़ी का भोग लगाकर परिवार व अंचल की खुशहाली के लिए माता से कामना की। गाँव की माताएं-बहनों एवं युवाओं द्वारा माता भजन, जसगीत से मंदिर परिसर को भक्ति मय कर दिया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं को ठडाई व प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में मानसिंग, गजानंद, छन्नू, कृष्णा, योगेश सेन, जितेन्द्र साहू, योगेश ध्रुव, ईश्वर, थनवार, गुलाब, दुकालू यादव, मन्नू सहित युवाओं व ग्रामीणों का सहयोग रहा।


**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Tel. & Fax No. - 07720-285709, E-mail : npkharora@gmail.com

क्रमांक/714/न.पं./लो.नि.व./2024-25 **// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //** खरोरा, दिनांक 18/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं जी.एस.टी. में पंजीकृत सप्लायरों तथा मरम्मत हेतु मैकेनिक दुकानदारों से प्रपत्र ''अ''एवं ''स'' में त्रि-लिफाफा पद्धति से निम्नलिखित निर्माण/मरम्मत/सामग्री आपूर्ति कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 26.07.2024 समय शाम 5:00 बजे
निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 29.07.2024 समय शाम 5:00 बजे
निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 12.08.2024 समय दोपहर 3:00 बजे
निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समयस - 12.08.2024 समय शाम 5:00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | फार्म का प्रकार | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | | 06 |
| 1 | स्वास्थ्य/स्वच्छता सामग्री आपूर्ति कार्य। | 5.00 | 15,000/- | 750/- | C | 31 मार्च 2025 तक |
| 2 | विद्युत सामग्री आपूर्ति कार्य। | 5.00 | 15,000/- | 750/- | C | |
| 3 | स्टेशनरी सामग्री आपूर्ति कार्य। | 5.00 | 15,000/- | 750/- | C | |
| 4 | लोक निर्माण विभाग सामग्री आपूर्ति कार्य। | 8.00 | 24,000/- | 750/- | C | |
| 5 | सबमर्सिबल पंप एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 10.00 | 30,000/- | 750/- | C | |
| 6 | जल विभाग सामग्री आपूर्ति कार्य। | 10.00 | 30,000/- | 750/- | C | |
| 7 | अध्यक्ष निधि/पार्षद निधि/मरम्मत संधारण/निकाय निधि अंतर्गत सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (लघुमूलक कार्य) | 10.00 | 7,500/- | 750/- | A | |
| 8 | अध्यक्ष निधि/पार्षद निधि/मरम्मत संधारण/निकाय निधि अंतर्गत नाली निर्माण, भवन, चबूतरा, रंगमंच एवं बोरवेल सफाई कार्य। (लघुमूलक कार्य) | 10.00 | 7,500/- | 750/- | A | |

उपरोक्तानुसार सामग्री आपूर्ति/निर्माण/मरम्मत कार्यों के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी निविदा दिनांक से कार्यालयीन अवधि में देखी व प्राप्त की जा सकेगी, साथ ही यह कि, मैनुअल निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय नं.पं. सूचना पटल एवं विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक 22/न.पा.नि./जोन क्रमांक-06/2024-25 रायपुर, दिनांक 15/07/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/ फर्म एवं संस्था/एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित्त आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

सबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 22/07/2024 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनाँक 29/07/2024 तक पंजीकृत डाँक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनाँक 30/07/2024 को सुबह 11:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथया उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | कार्य का विवरण | निविदा का प्रकार | मद का नाम | अगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | एस.ओ.आर. | समया अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श. ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्र. 63 अंतर्गत आर.डी.ए. कॉलोनी जनता कॉलोनी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | तृतीय | अधोसंरचना मद | 7.00 | 5300.00 | 750.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 5 माह |

**-:: निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्ते ::-**

**कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार हैः-**

**लिफाफा ''अ'' में**
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफडी.आर (निविदा खोलने तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति।
(2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म / एजेंसी के नाम का वैध पंजीयन की प्रति।
(4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

**लिफाफा ''ब'' में (1) निविदा प्रपत्र**

**शर्तेः-** (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी.विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 06**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

# छत्तीसगढ़–महाराष्ट्र की सरहद पर मुठभेड़... कैंप कर रहे नक्सलियों को सी–60 की 7 टीमों ने घेरा, मुठभेड़ में 5 महिला माओवादियों सहित 12 ढेर

**मारे गए नक्सलियों पर था 86 लाख का इनाम, कोरची टिपागढ़ और चातगांव कसनसुर दलम के खात्मे का दावा**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com






छग-महाराष्ट्र की सीमा पर महाराष्ट्र की एंटी नक्सल टीम सी-60 ने नक्सलियों के खिलाफ मुठभेड़ में 7 माओवादियों को मार गिराया है। इनमें 86 लाख के इनामी 7 पुरुष और 5 महिला नक्सली शामिल हैं। सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच छग सीमा के पास ग्राम वाडोली के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। गढ़चिरौली पुलिस के मुताबिक इस एनकाउंटर में 2 हजार राउंड गोलियां चलीं। 28 जुलाई से माओवादियों का नक्सल सप्ताह शुरु हो रहा है। इससे पहले ही 17 जुलाई को गढ़चिरौली पुलिस को कोरची टिपागढ़ और चातगांव कसनसूर दलम के नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी मिली। नक्सली छग की सीमा पर वाडोली गांव के आसपास जंगल में कैंप कर रहे थे। सूचना पर तत्काल ही पुलिस उप-अधीक्षक (अभियान) विशाल नागरगोजे ने ऑपरेशन लीड किया और सी-60 के 7 दल मौके के लिए रवाना हुए। जंगल में सर्चिंग के दौरान ही सी-60 के जवानों का आमना-सामना हुआ। कैंप के आसपास सुरक्षा बलों को देखते ही नक्सलियों ने गोलीबारी शुरु कर दी। बताया गया है कि, 17 जुलाई की दोपहर से ही मुठभेड़ शुरु हो गई थी। इस मुठभेड़ में दो हजार राउंड गोलियां चली। मुठभेड़ के बाद उक्त क्षेत्र में पुलिस जवानों ने तलाशी अभियान चलाया। घटनास्थल से 07 पुरुष और 05 महिला माओवादी का शव बरामद किया गया। मृत माओवादियों की पहचान की गई है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों की पहचान कर ली गई है, मृतकों में वरिष्ठ कैडर के नक्सली शामिल हैं, 7 पुरुष और 5 महिला नक्सली हैं, इन पर कुल 86 लाख रुपये का इनाम था। इनमें कुछ सीनियर कैडर यानी दलम कमांडर रैंक के नक्सली भी शामिल थे। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल के मुताबिक इन सभी पर 86 लाख का इनाम था। उन्होंने यह भी कहा कि इस ऑपरेशन से उत्तरी गढ़चिरौली इलाके में दो नक्सली दलम का पूरी तरह सफाया हो गया है।

**पहचान हुई, सभी इनामी थे–** छत्तीसगढ़ सीमा पर गढ़चिरौली पुलिस बल के कमांडो के साथ मुठभेड़ में मारे गए सभी 12 नक्सलियों की पहचान हो गई है। इनमें चातगाव-कसनसूर जॉइंट दलम के 16 लाख के इनामी योगेश दावसिंग तुलावी ऊर्फ नरेंद्र ऊर्फ निरींगसाय, प्रमोद लालसाय कचलामी ऊर्फ दलपट, 6-6 लाख के इनामी महारु धोबी गावडे, विज्जू, सरिता जारा परसा ऊर्फमिना ऊर्फरामे, रज्जो मंगलसिंग गावडे ऊर्फ समिता ऊर्फ सिरोंती, 2-2 लाख के इनामी रोजा, सागर शामिल हैं। इसी तरह कोरची-टिपागड जॉइंट दलम के विशाल कुल्ले आत्राम ऊर्फलक्ष्मण ऊर्फ सरदु, अनिल देवसाय दर्रो ऊर्फ देवा ऊर्फ देवारी, चंदा पोड़ाम, सिता हवके को ढेर किया गया है। ये सभी मोआवादी कई मुठभेड़, हत्या, आगजनी और दूसरी वारदातों में शामिल रहे हैं।

**ऑटोमेटिक हथियार और विस्फोटक बरामद–** पुलिस के मुताबिक मृतक माओवादियों के कब्जे से पुलिस ने उक्त घटनास्थल से 11 अग्नीशस्त्र के साथ 03 नग एके 47 रायफल, 02 नग इंसास रायफल, 01 नग कारबाईन रायफल, 01 नग एसएलआर जैसे स्वयंचलीत हथियार एवं विस्फोटक, डेटोनेटर, बिजीएल और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री जप्त की है। उक्त मुठभेड में पुलिस बल के एक पुलिस उपनिरीक्षक सतिश पाटिल के साथ दो पुलिस जवान शंकर पोटावी और विवेक शिंगोले घायल हो गए हैं। अभियान के दौरान उन्हे हेलीकॉप्टर के मदद से तुरंत इलाज के लिए नागपुर भेजा गया जहां वे खतरे से बाहर हैं।

**दलम के खात्मे का दावा–** पुलीस उप-महानिरीक्षक गढचिरौली परिक्षेत्र अंकित गोयल और पुलिस अधीक्षक गढचिरौली नीलोत्पल ने कहा की, संपूर्ण कोरची-टिपागढ़ और चातगांव-कसनसूर दलम का इस अभियान मे खात्मा कर दिया गया है। इस वजह से उत्तर गढचिरौली का बहुतांश क्षेत्र माओवादियों के प्रभावसे मुक्त हो चुका है। साथ ही पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने माओवाद विरोधी अभियान को तेज करने का संकेत दिया और साथ ही साथ नक्सलियों से आग्रह किया कि वे हिंसक रास्ते को छोड़कर स्वाभिमान के साथ जीवन व्यतीत करें।

## लंबित भुगतान के लिए प्रदर्शन काली पट्टी बांधकर किया काम



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने पिछले 3-4 माह से लंबित वेतन की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरूप काम कर रहे हैं। वहीं उनकी लंबित वेतन की मांग की पूर्ति नहीं होने पर आगामी 29 जुलाई को एक दिवसीय अवकाश लेकर हड़ताल में जाने की चेतावनी दी गई है। नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारियों ने 18 और 19 जुलाई को अपने 3 से 4 माह के लंबित वेतन की मांग को लेकर कार्यालय में विरोध स्वरूप काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नगरीय निकाय कर्मचारी द्वारा प्रदेश के आह्वान पर स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा राजनांदगांव नगरीय निकाय के अध्यक्ष पंकज मेश्राम के नेतृत्व में गुरुवार और शुक्रवार को विरोध स्वरूप काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। वहीं उनकी लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने पर आगामी 29 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

## अब तक 1791.9 मिमी वर्षा दर्ज

**लाल बहादुर नगर तहसील में हुई सर्वाधिक 90 मिमी वर्षा**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक 1791.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। एक जून से अब तक पूरे राजनांदगांव जिले में कुल 256 मिमी औसत बारिश हुई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में 18 जून 2024 को औसत 29.8 मिमी बारिश हुई।

सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 90 मिमी दर्ज की गई। अब तक हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 397.5 मिमी हुई हैं। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 18 जुलाई 2024 को 208.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 18.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 90 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 36.8 मिमी, घुमका तहसील में 5 मिमी, छुरिया तहसील में 35.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 10.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 12.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक डोंगरगढ़ तहसील में 264.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 397.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 261.6 मिमी, घुमका तहसील में 276 मिमी, छुरिया तहसील में 242.3 मिमी, कुमरदा तहसील में 221.1 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 129.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## फिर दिखी स्पीकर डॉ. रमन और पारख की करीबी



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्पीकर डॉ. रमन सिंह दो दिनों के राजनांदगांव प्रवास पर रहे। इस दौरान वार्ड क्रं. 19 में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्होंने शिरकत की। इस दौरान विस अध्यक्ष डॉ. रमन व 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख के बीच करीबी देखने को मिली। दोनों के बीच दशकों का सामंजस्य है। बताया जाता है कि इस दौरान विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख से निकाय चुनाव के संबंध में चर्चा की। दोनों के बीच राजनांदगांव की मौजूदा परिस्थितियों को लेकर भी गहन बातचीत हुई। आसार हैं कि, भाजपा की इस सरकार में भी पारख को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

## कलेक्टोरेट परिसर में हुआ पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान मौल पौधे का रोपण किया। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए समय पर पानी दें और सभी मिलकर आवश्यक देखरेख भी करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर मती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम डोंगरगढ़ खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सु हितेश्वरी बाधे, डिप्टी कलेक्टर मती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर अमिय वास्तव, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा सहित जिला कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी छायादार एवं शोभायमान पौधों का रोपण किया।

## वर्धमान नगर के नागरिकों ने विस अध्यक्ष का आभार जताया

■ तकरीबन 70 लाख के विकास कार्यों की मिली सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राजनांदगांव दौरे पर रहे स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। गुरुवार को वर्धमान नगर वार्ड नं 19 में वार्डवासियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में भी वे शामिल हुए। यहां वार्ड के विकास हेतु विभिन्न मदों से सामुदायिक भवन हेतु 25 लाख, सीसी रोड 19 लाख, नाली 19 लाख एवं पाथवे निर्माण के लिए 2.5 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। इन विकास कार्यों को लेकर वार्डवासियों ने अपने मुखिया का आभार माना। वार्ड के वरिष्ठों ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया।

डॉ. रमन सिंह ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि, भाजपा हमेशा एक विजन के साथ काम करती है। हमारा उद्देश्य राजनांदगांव को बहुत आगे ले जाने का है। हमारे दल के पार्षदों ने भी इसमें अपनी भूमिका सुनिश्चित की है। हमारी सरकार बनते ही शहर के विकास कार्यों में तेजी आ रही है। बड़ी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए स्वीकृति मिल रही है। उन्होंने कहा कि, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने भी अपनी भूमिका का भली भांति निर्वहन किया है। उनके वार्डों में विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि प्राप्त हुई है। इस दौरान किशुन यदु सहित वार्ड के भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भी विस अध्यक्ष का अभिनंदन किया और उनका आभार व्यक्त किया। वार्ड क्रं. 19 के पार्षद किशुन यदु ने कहा कि, संस्कारधानी की जनता ने सदैव ही पूर्व मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अपने परिवार का मुखिया माना है। उन्होंने सुख-दुःख में विस क्षेत्र की जनता का साथ निभाया है। डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में ही राजनांदगांव ने जो तरक्की की, मेडिकल कॉलजे, स्टेडियम, हॉकी स्टेडियम जैसी कई ऊंची ईमारतें और यहां लोगों को मिल रहीं सुविधाएं इसकी गवाह हैं। मैं न सिर्फ इसवार्ड बल्कि पूरे शहर की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, अतुल रायजादा, पार्षद शिव वर्मा, मणिभास्कर गुप्ता, गगन आइच, मधु बैद, राजेंद्र जैन बंटू व वर्धमान नगर सोसाइटी के अध्यक्ष गौतम सिंघी एवं वार्ड वासी मौजूद रहे।

## मुंहडबरी में फैला डायरिया, प्रशासन अलर्ट

■ अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण, रोकथाम हेतु अधिकारियों को निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने खैरागढ़ विकासखण्ड के डायरिया प्रभावित ग्राम मुंहडबरी पहुंच कर गांव की विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर ने डायरिया रोकने के लिए अधिकारियों को जन जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंप के स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डायरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ अमले को सतर्क रह कर 24 घण्टे मरीजों का इलाज करने एवं अधिक से अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने कहा और चिकित्सकों को उनका बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ विभाग को घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे करने को भी कहा है। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को गंभीर मरीजो को जिला अस्पताल खैरागढ़ रीफर करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियो को जल स्रोत की जाँच करने एवं नालियो की साफ सफाई करने के निर्देश दिए है। साथ उन्हें सभी हैंडपंपों में क्लोरीन की दवाई डालने तथा नालियों में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव के निर्देश दिए है।

## अतिथि व्याख्याता पद पर आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मानपुर एवं शा.नवीन महाविद्यालय औंधी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में अतिथि व्याख्याता पद के लिए 22 जुलाई तक कार्यालय समय में 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं वाहक के हस्ते कार्यालय से पावती प्राप्त कर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। संपूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के परिपालन में किया जाएगा। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय की सूचना पटल वेबसाइट - WWW. glsscol-legemanpur.in से किया जा सकता है। रिक्त पद अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित, भौतिक, वाणिज्य सभी के लिए 01 पद स्वीकृत किया गया हैं।

**निकाय द्वारा पकड़े वाहनों को बगैर कार्रवाई छोड़ने से नाराजगी, विधायक ने निकाय, जनपद व संगठन के साथ झोंकी ताकत**

## रेत उत्खनन पर कार्रवाई मामले में स्टेटहाइवे में चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत के सरहद में स्थित बगदई पुल के नीचे अवैध संचालित रेत खदान में गत शनिवार को 5 वाहनों के पकड़े जाने के 3 दिनों बाद सत्तापक्ष के दबाव में प्रशासन द्वारा बगैर कार्रवाई छोड़ देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने विधायक के अगुवाई में स्टेटहाइवे में चक्काजाम कर दिया। एक घण्टे तक राज्यमार्ग बाधित होने के बाद एसडीएम द्वारा मामले की जांच व आवश्यक कार्रवाई के आश्वासन उपरांत चक्काजाम समाप्त हो गया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को निकाय अध्यक्ष के निर्देश पर सीएमओ ने निकाय अमले के साथ बगदई सरहद में पुल के नीचे नगर पंचायत के हिस्से में रेत उत्तखनन में लिप्त बताए गए 5 वाहनों को पंचनामा बनाकर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया था। वहीं निकाय अध्यक्ष द्वारा इस घटनाक्रम को लेकर मीडिया में बयान जारी करते हुए कुछ भाजपा नेताओं पर 500 रु प्रति ट्रिप वसूली करने का सनसनीखेज आरोप लगाया था। एक युवा कार्यकर्ता द्वारा वाहनों को संचालित करने की जानकारी भी उभरकर सामने आई थी। इस आशय को लेकर मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद भाजपा में भी अफरातफरी मच गई थी। हालांकि 3 दिनों पश्चात उक्त वाहनों को एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत खनिज अधिनियम के अंतर्गत बगैर कार्रवाई के छोड़ दिया गया। इस वाकये से आहत कांग्रेस ने नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद की अपील व विधायक दलेश्वर साहू के अगुवाई में स्टेटहाईवे में चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम में विधायक दलेश्वर साहू के अलावा नपंअध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, जपंअध्यक्ष टिकेश साहू, जपंउपाध्यक्ष सुयश नाहटा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू, पार्षदगण वैशाली बोरकर, रुकमणी साहू, अशोक मालेकर, दीपक देवांगन, प्रियंक जैन, जनपद सदस्यगण दिबिका साहू, सुशीला साहू व मोहनीश साहू, कमलकिशोर वैष्णव, रवि शुक्ला, विष्णु सोनी, महेंद्र वैष्णव, अखिलेश नखत, कमलेश साहू, गोल्डी, वैभव, सद्दाम सहित सैकड़ों कांग्रेसी शामिल थे। चक्काजाम स्थल पर एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग व टीआई उपेन्द्र शाह दलबल सहित मोर्चेबन्द थे।

### पुनरावृति नही होना चाहिए : विधायक



विधायक दलेश्वर साहू ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वे पहली बार ऐसा देख रहे हैं, कि प्रशासन रेत उत्खनन में वाहनों को नियमतः पकड़ने के बाद खनिज अधिनियम की कार्रवाई अथवा जुर्माने बगैर छोड़ देता है। उन्होंने ऐसे घटना म की पुनरावृत्ति नही करने की हिदायत देते हुए क्षेत्र में अवैध उत्खनन नही होने देने ऐलान किया है। विधायक ने डोंगरगढ़ के रेत विवाद का भी जि किया।

### नगर में चढ़ गया राजनैतिक पारा

रेत उत्खनन में कुछ भाजपाई पर 500 प्रति ट्रिप वसूली के आरोप तथा एक अति उत्साही युवा द्वारा सत्ता सरकार की धौंस दिखाने की बात वाहनधारियों द्वारा उजागर की गई थी। निकाय अध्यक्ष द्वारा भी मीडिया के माध्यम से आरोप लगाए गए थे। अब कुछ वाहनों को रंगे हाथों पकड़ने के बाद बगैर कार्रवाई छोड़ने से सत्तापक्ष द्वारा अफसरों पर दबाव डालने के आरोप लगे हैं। वहीं चक्क ाजाम के बाद नगर में राजनैतिक पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया है।

### सीएमओ ने पकड़े और छोड़े वाहन

चक्क ाजाम में पहुंचे एसडीएम को विधायक व नपंअध्यक्ष ने वाहनो को सीएमओ द्वारा नियमतः पंचनामा कर पुलिस के हवाले करने के बाद खनिज एक्ट में बगैर कार्रवाई छोड़ देने का कारण पूछा, तब सीएमओ द्वारा ही वाहनों को पीएम आवास के नाम पर छोड़ देने की बात उभरकर आई। तब कांग्रेस ने सत्तापक्ष के दबाव में छोड़ने का आरोप लगाते हुए जांच कार्रवाई करने अथवा एक सप्ताह बाद सड़क की लड़ाई लड़ने की बात कही है।

# जिला चिकित्सालय कबीरधाम में सर्पदंश मरीजों का हो रहा बेहतर इलाज, चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

भुवनलाल पटेल कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में चार विकासखण्ड है। जिसमें बोडला पूर्णत: जंगल और पंडरिया के भी अधिकांश हिस्सा में वनवासियों का ही बहुलुता है वही सहसपुर लोहारा के भी कुछ हिस्सा जंगल पहाड़ो के बसाहट में ही है। जिले में बरसात लगते ही सर्पदंश के मरीज आने लगते है जिसे लेकर कबीरधाम स्वास्थ्य विभाग लोगो को सर्पदंश और उसके बचाव के लिए अभियान छेड़ रहे हैं जिसके चलते लोगो की जीवन बच सके। वनांचल क्षेत्र होने के कारण कुछ लोग आज भी गुनिया बैगा का सहारा लेकर झाड़ फूंक करते है जिससे लोगो की मौत हो जाता है। कुल मिलाकर इसे जागरुकता की कमी ही कहा जा सकता है। जब कोई साँप किसी को काट देता है तो इसे सर्पदंश या 'साँप का काटना' कहते हैं। साँप के काटने से घाव हो सकता है और कभी-कभी विषाक्तता भी हो जाती है जिससे मृत्यु तक सम्भव है। अधिकांश सर्प विषहीन होते हैं और कुछ जहरीले साँप भी पाये जाते हैं। साँप प्राय: अपने शिकार को मारने के लिये काटते हैं किन्तु इसका उपयोग आत्मरक्षा के लिये भी करते हैं।

विषैले जंतुओं के दंश में सर्पदंश सबसे अधिक भंयकर होता है। इसके दंश से कुछ ही मिनटों में मृत्यु तक हो सकती है। कुछ साँप विषैले नहीं होते और कुछ विषैले होते हैं। समुद्री साँप साधारणतया विषैले होते हैं, पर वे शीघ्र काटते नहीं। विषैले सर्प भी कई प्रकार के होते हैं। विषैले साँपों में नाग (कोबरा), काला नाग, नागराज (किंग कोबरा), करैत, कोरल वाइपर, रसेल वाइपर, ऐडर, डिस फलिडस, मॉवा वाइटिस गैवौनिका, रैटल स्नेक, क्राटेलस हॉरिडस आदि हैं। विषैले साँपों के विष एक से नहीं होते। कुछ विष तंत्रिकातंत्र को आक्रांत करते हैं, कुछ रुधिर को और कुछ तंत्रिकातंत्र और रुधिर दोनों को आक्रांत करते हैं।

भिन्न-भिन्न साँपों के शल्क भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। इनके शल्कों से विषैले और विषहीन साँपों की कुछ सीमा तक पहचान हो सकती है। विषैले साँप के सिर पर के शल्क छोटे होते हैं और उदर के शल्क उदरप्रदेश के एक भाग में पूर्ण रूप से फैले रहते हैं। इनके सिर के बगल में एक गड्ढा होता है। ऊपरी होंठ के किनारे से सटा हुआ तीसरा शल्क नासा और आँख के शल्कों से मिलता है। पीठ के शल्क अन्य शल्कों से बड़े होते हैं। माथे के कुछ शल्क बड़े तथा अन्य छोटे होते हैं। विषहीन सांपों की पीठ और पेट के शल्क समान विस्तार के होते हैं। पेट के शल्क एक भाग से दूसरे भाग तक स्पर्श नहीं करते। साँपों के दाँतों में विष नहीं होता। ऊपर के छेदक दाँतों के बीच विषग्रंथि होती है। ये दाँत कुछ मुड़े होते हैं। काटते समय जब ये दाँत धंस जाते हैं तब उनके निकालने के प्रयास में साँप अपनी गर्दन ऊपर उठाकर झटके से खीचता है। उसी समय विषग्रंथि के संकुचित होने से विष निकलकर आक्रांत स्थान पर पहुँच जाता है।






## सर्पदंश के लक्षण

कुछ साँपों के काटने के स्थान पर दाँतों के निशान काफी हल्के होते हैं, पर शोथ के कारण स्थान ढंक जाता है। दंश स्थान पर तीव्र जलन, तंद्रालुता, अवसाद, मिचली, वमन, अनैच्छिक मल-मूत्र-त्याग, अंगघात, पलकों का गिरना, किसी वस्तु का एक स्थान पर दो दिखलाई देना तथा पुतलियों का विस्फारित होना प्रधान लक्षण हैं। अंतिम अवस्था में चेतनाहीनता तथा मांसपेशियों में ऐंठन शुरु हो जाती है और श्वसन क्रिया रुक जाने से मृत्यु हो जाती है। विष का प्रभाव तंत्रिकातंत्र और श्वासकेंद्र पर विशेष रूप से पड़ता है। कुछ साँपों के काटने पर दंशस्थान पर तीव्र पीड़ा उत्पन्न होकर चारों तरफ फैलती है। स्थानिक शोथ, दंशस्थान का काला पड़ जाना, स्थानिक रक्तस्त्राव, मिचली, वमन, दुर्बलता, हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटना आदि अन्य लक्षण हैं। विष के फैलने से थूक या मूत्र में रुधिर का आना तथा सारे शरीर में जलन और खुजलाहट हो सकती है। आंशिक दंश या दंश के पश्चात् तुरंत उपचार होने से व्यक्ति मृत्यु से बच सकता है।

## सर्पदंश से बचने के उपाय

कुएँ या गड्ढे में अनजाने में हाथ न डालना, बरसात में अँधेरे में नंगे पाँव न घूमना और जूते को झाड़कर पहनना चाहिए। इसके अलावा, सांप के काटने से सुरक्षित रहने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने आस-पास के बारे में जागरूक रहें और उन जगहों से बचें जहां सांप मौजूद हो सकते हैं। यदि आप किसी ऐसे क्षेत्र में हैं जहाँ साँपों के रहने के लिए जाना जाता है, तो सुरक्षात्मक कपड़े पहनें, जैसे कि लंबी पैंट और जूते, और अच्छी तरह से चिन्हित पगडंडियों पर रहें। किसी भी सांप को संभालने या स्थानांतरित करने का प्रयास न करें और पालतू जानवरों और बच्चों को उनसे दूर रखें। यदि आप एक सांप को देखते हैं, तो धीरे-धीरे पीछे हटें और क्षेत्र छोड़ दें। यदि आपको सांप ने काट लिया है, तो शांत रहें और तत्काल चिकित्सा सहायता लें।



## सर्पदंश के उपचार

सर्पदंश का प्राथमिक उपचार शीघ्र से शीध्र करना चाहिए। दंशस्थान के कुछ ऊपर और नीचे रस्सी, रबर या कपड़े से बाँध देना चाहिए लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि धमनी का रुधिर प्रवाह धीरे हो जाये लेकिन रुके नहीं। काटे गये स्थान पर किसी चीज़ द्वारा कस कर बांधे जाने पर उस स्थान पर खुन का संचार रुक सकता है जिससे वहाँ के ऊतको को रक्त मिलना बन्द हो जायेगा, जिससे ऊतकों को क्षति पहुँच सकती है। किसी जहरीले साँप के काटे जाने पर संयम रखना चाहिये ताकि हृदय गति तेज न हो। साँप के काटे जाने पर जहर सीधे खून में पहुँच कर रक्त कणिकाओ को नष्ट करना प्रारम्भ कर देते है, हृदय गति तेज होने पर जहर तुरन्त ही रक्त के माध्यम से हृदय में पहुँच कर उसे नुक़सान पहुँचा सकता है। काटे जाने के बाद तुरन्त बाद काटे गये स्थान को पानी से धोते रहना चाहिये। यदि घाव में साँप के दाँत रह गए हों, तो उन्हें चिमटी से पकड़कर निकाल लेना चाहिए। प्रथम उपचार के बाद व्यक्ति को शीघ्र निकटतम अस्पताल या चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। वहाँ प्रतिदंश विष की सूई देनी चाहिए। दंशस्थान को पूरा विश्राम देना चाहिए। किसी दशा में भी गरम सेंक नहीं करना चाहिए। बर्फका उपयोग कर सकते हैं। ठंडे पदार्थो का सेवन किया जा सकता है। घबराहट दूर करने के लिए रोगी को अवसादक औषधियाँ दी जा सकती हैं। श्वासावरोध में कृत्रिम श्वसन का सहारा लिया जा सकता है। चाय, काफी तथा दूध का सेवन कराया जा सकता है, पर भूलकर भी मद्य का सेवन नहीं कराना। अतः साँप के काटे जाने पर बिना घबराये तुरन्त ही नजदीकी प्रतिविष केन्द्र में जाना चाहिये।हम इससे बच सकते हैं। सर्पदंश की स्थिति में अपने आसपास के अस्पताल जाएं , तुरंत संजीवनी एक्सप्रेस 108 ,112 को फोन करे।




## जिला चिकित्सालय में हो रहा है इलाज

**केस-1**

बोडला विकासखण्ड के पालक गांव से सर्पदंश के महिला मरीज ने बताया कि रात के समय अपने घर के आंगन में सोई हुई थी तभी एक जहरीली करैत साफने पेट के ऊपरी हिस्सा को काट दिया जिसके बाद परिजनो ने उसे झाड़ फूंक कराते रहे और शरीर में जहर फैल रहा था लेकिन पीड़िता ने अपने परिजनों की बात को एक सिरे से नकारते हुए जिला अस्पताल आई और पांच दिन तक वेंटीलेटर में रहकर उसके बाद 7 तारिक तक ऑक्सीजन मैं 16तारिक को ऑक्सीजन से मरीज को बाहर निकाला गया

**केस-2**

पंडरिया विकासखण्ड के अंतिम छोर के ग्राम मालकछारा निवासी और हाई स्कूल सराईसेत में कक्षा नवमी के एक छात्र भी सर्पदंश के शिकार हो गया। छात्र ने बताया कि वह रात को भोजन के बाद प्रतिदिन की भाती सो गया और रात में पैर के उंगली के पास को करैत साफने बिस्तर में आकर काट दिया । उनके परिजनों ने अस्पताल लाने के बजाए झाड़ फूंक कराते रहे लेकिन लाभ नही मिलने की स्थिती में उन्हें जिला अस्पताल कवर्धा आया गया जहा बहुत ही गंभीर स्थिति मैं 11 तारिक को उसको वेंटिलेटर मैं रखा गया और 15 तारिक को वेंटिलेटर से बाहर निकाला गया और ऑक्सीजन मैं रखा गया जहां उसकी हालत गंभीर था परंतु मौजूद चिकित्सको ने उसका उपचार किया और वह छात्र स्वस्थ हो गया । ड्रॉक्टर गोपेश एमडी मेडिसिन और ड्रॉक्टर ओमप्रकाश गोरे ड्रॉक्टर कवि निश्चेतना विषेगय और पूरी आपातकालीन ड्रॉक्टर और स्टाफका विशेष योगदान रहा सिविल सर्जन डॉक्टर केशव ध्रुव और एमडी मेडिसीन ड्रॉक्टर गोपेश सर ने सभी जिले के जनता से अपील किया है सर्प दंश मैं झाड़ पुंक मैं मरीजों का समय का बरबादी न करे तुरंत अस्पताल लाना चाइए जिससे मरीज का जान बचाया जा सके।



IF

# कवर्धा और झलमला में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज , जटिल बीमारियों का होगा उपचार

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय कवर्धा और बोडला विकासखण्ड के वनांचल ग्राम पंचायत झलमला में आज 19 जुलाई को उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन विजय शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे स्थनीय और राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ अपनी सेवाए देंगे । कवर्धा में इस प्रकार का आयोजन होने से जो लोग अपनी स्वास्थ्य परीक्षण कराने दूर दराज नही जा पाते साथ ही संसाधन की उपलब्धता की कमी होने के कारण गंभीर व जटिल बीमारी से ग्रसित रहते है । उनका खास ख्याल रखते हुए उक्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने जिले वासियों से अपील करते हुआ कहा है कि उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराते हुए सुखी जीवन यापन करे और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आज 19 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को इंडोर डोम कॉलेज ग्राउंड, कवर्धा प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा जिसमे मरीजों का पंजीयन सुबह 9 बजे से प्रारंभ हो जाएगा । बरसात के





मौसम होने के कारण सर्व सुविधा युक्त इंडोर स्टेडियम का शिविर के लिए स्थल चयन किया गया है। वही जिला स्वास्थ्य समिती कबीरधाम के द्वारा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास झलमला में आयोजित किया जाएगा जिसमे सोनोग्राफी की भी सुविधा वनवासियों के लिए पहली बार किया जा रहा है। कबीरधाम जिला में निवासरत लोगो की सेहत को ध्यान में रखते हुए और लोगो को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश से इतने बड़े स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम लोगो की स्वास्थ्य जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे जिसमे डॉ. पुष्पेन्द्र नायक (गैस्टो इन्ट्रोलॉजिस्ट) पेट रोग विशेषज्ञ , डॉ. लवलेश राठौर (एच.सी.एच. न्यूरो सर्जन) नस रोग विशेषज्ञ , डॉ. निखिल मोतिरमानी (डी.एम. कॉर्डियोलॉजी) हृदयरोग विशेषज्ञ ,डॉ. अनुराग यादव (एम.सी.एच.यूरोलॉजी) किडनी रोग विशेषज्ञ , डॉ. नवीन कुमार जैन (एम.डी.एस.एफएच.एन.) ओरल कैंसर , डॉ. निशा जैन (स्किन/चमड़ी रोग) विशेषज्ञ ,डॉ. अजीत अग्रवाल (एम.एस. एम.सी.एच.) कैंसर सर्जन बालको मेडिकल सेंटर सहित स्त्री रोग विशेषज्ञ , शिशु रोग विशेषज्ञ , मेडिसीन विशेषज्ञ , हड्डी रोग विशेषज्ञ , सर्जरी रोग विशेषज्ञ , दंत रोग / ई एन टी विशेषज्ञ रहेंगे उक्त शिविर का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोशिएसन कवर्धा के द्वारा किया जा रहा है। और उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन विजय शर्मा के निर्देश में वनांचल झलमला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर एवं निःशुल्क सोनोग्राफी कैम्प में डॉ. अम्बालिका ठाकुर स्त्रीरोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, कवर्धा डॉ. गौख सिंह परिहार अस्थिरोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, कवर्धा , डॉ. हर्षित तुवानी मेडिकल ऑफिसर जिला चिकित्सालय, कवर्धा , डॉ. सैयद सहादातुल्लाह शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, कवर्धा , डॉ. अभिषेक पाटले दंत रोग विशेषज्ञ सी.एच.सी, बोड़ला , डॉ. सतीष शर्मा एम.डी. पैथोलॉजिस्ट जिला चिकित्सालय, कवर्धा , डॉ. अजिफ करीम सर्जन रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, कवर्धा , डॉ. पारखी ध्रुव चिकित्सा अधिकारी सी.एच.सी. इन्दौरी , डॉ. जे. आर. पुथ्थल रेडियोलॉजिस्ट रुपजीवन हॉस्पीटल, कवर्धा , डॉ. सिद्धार्थ कुमार फिजियोथैरेपिक जिला चिकित्सालय, कबीरधाम अपनी सेवाए मरीजों को देंगे ।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छत्तीसगढ़)

9वां वर्षगांठ स्थापना दिवस

## पायनियर स्थापना दिवस एवं मा. विजय शर्मा जी उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं कवर्धा विधायक के जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



### कारखाने की प्रमुख उपलब्धियाँ

1. गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना मूल्य के साथ-साथ अतिरिक्त रिकव्हरी राशि का भी भुगतान:- भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा केन्द्र सरकार के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अधिक रिकव्हरी आने पर अतिरिक्त रूप से एरियर्स राशि का भुगतान गन्ना विक्रेता किसानों को किया जाता है।
2. पी.पी.मोड पर 80 के.एल.पी.डी. क्षमता का इथेनॉल प्लांट का निर्माणः भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा परिसर में पीपीपी मोड से 80 के.एल.पी.डी. के ईथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण कर औद्योगिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे कारखाना को अतिरिक्त आमदनी हो रही है, जिसका लाभ भविष्य में अंशधारी कृषक सदस्यों को प्राप्त होगा।
3. छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य हेतु भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा को सहकारिता का सर्वोच्च पुरूस्कार ठाकुर प्यारेलाल सिंह अवार्ड ( 2012 ) से सम्मानित किया गया है।
4. राज्य शासन के निर्णयानुसार भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा लोकहित में राशन कार्डधारी सदस्यों को शक्कर प्रदाय हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को शक्कर का विक्रय किया जाता है।
5. सह उत्पाद बगास का उपयोग:- कारखाना से प्राप्त होने वाले सह उत्पाद बगास से 6 मेगावाट को जनरेशन प्लांट की स्थापना छ.ग. विद्युत मण्डल के द्वारा कारखाना परिसर में की गई है। शक्कर कारखाना द्वारा 6 मेगावाट को जन पॉवर प्लांट को वर्ष 2012-13 से संचालित किया जा रहा है।
6. कारखाना स्थापना काल से अभी तक पेराई सीजन 2023-24 में सर्वोच्चतम रिकव्हरी प्रतिशत 12.50% के मान से सर्वाधिक 431787 क्विंटल शक्कर का उत्पादन।

**विनीत :- प्रबंध संचालक, भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छत्तीसगढ़)**

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

9वां वर्षगांठ स्थापना दिवस

## पायनियर स्थापना दिवस एवं मा. विजय शर्मा जी उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं कवर्धा विधायक के जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



### कारखाने की प्रमुख उपलब्धियाँ

**शक्कर रिकव्हरी:-** विगत पांच वर्षों से लगातार शक्कर रिकव्हरी में छ.ग. के सभी कारखानों में प्रथम स्थान पर एवं विगत दो वर्षों से पूरे देश में प्रथम स्थान में रहा है।

**14 मेगावाट को-जन पावर प्लांट –** 14 मेगावाट को-जन पावर प्लांट स्थापित किया गया है। जिसमें 5 मेगावाट से उत्पादित विद्युत से कारखाना का संचालन कार्य एवं 9 मेगावाट से उत्पादित विद्युत का छ.ग.रा.वि.सं. को विक्रय किया जा रहा है।

**शेयरधारी सदस्य:-** इस कारखाना में वर्तमान में कुल 11892 शेयरधारी सदस्य है जिनके द्वारा कारखाना में गन्ना आपूर्ति की जाती है।

रोजगार- यह कारखाना 1000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आजीविका प्राप्त हो रही है।

**गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना मूल्य के साथ-साथ अतिरिक्त राशि का भुगतान:-** कारखाना द्वारा कृषकों का गन्ना केन्द्र सरकार के द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जाता है जो कि निरन्तर बढ़ते जा रहे है। विगत पांच वर्षों से लगातार गन्ना मूल्य के साथ-साथ अतिरिक्त राशि कृषकों को भुगतान किया जा रहा है। चूँकि गन्ने का मूल्य कारखाने में प्राप्त रिकव्हरी से तय होती है। इस प्रकार इस कारखाना द्वारा लगातार दो वर्षों से देश में प्रति क्विंटल गन्ने का सर्वाधिक मूल्य प्रदान करने वाला कारखाना होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**विनीत :- प्रबंध संचालक, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403